कोटद्वार, रविवार
20 जुलाई 2025
वर्षः 47
अंकः 82 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापकः स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### जल लेने बदरीनाथ भी पहुंच रहे कांवड़िये

चमोली। शिव भक्त कांवड़िये अब शिव के धाम ही नहीं श्री हरि विष्णु के धाम बदरीनाथ में भी जल लेने पहुंच रहे हैं। कुछ कांवड़िये यहां से जल लेकर अपने अपने क्षेत्र के शिव मंदिरों में जा रहे हैं। अधिकांश कांवड़िये मोटर साइकिल से बदरीनाथ आ रहे हैं। इन मोटर साइकिल पर कांवड़ियों ने जल के पीपे रखे हैं। बदरीनाथ के साथ ही कांवड़िये मोटर साइकिल से गोपेश्वर गोपीनाथ मंदिर भी पहुंच रहे हैं। केदारनाथ की यात्रा के बाद कांवड़िये चोपता मंडल सड़क से गोपेश्वर कल्पेश्वर पहुंच रहे हैं। कुछ कांवड़ यात्रियों द्वारा नियमों की अनदेखी कर ध्वनि प्रदूषण फैलाने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। विशेष रूप से मोटरसाइकिलों में रेट्रो साइलेंसर लगाकर तेज आवाज में चलाना स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा था। शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने गंभीरता से संज्ञान में लिया है । थाना प्रभारियों को सख्त चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसी कड़ी में थाना बदरीनाथ पुलिस ने बदरीनाथ देवदर्शिनी बैरियर पर शनिवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया। थानाध्यक्ष नवनीत भंडारी ने बताया कि कई बाइकों की गहनता से जांच की गई, जिनमें से कई में अनाधिकृत रेट्रो साइलेंसर लगे पाए गए। इन साइलेंसरों को मौके पर ही हटवाया गया और संबंधित वाहन चालकों को आवश्यक चेतावनी भी दी गई।

### करंट लगने से नेपाली मजदूर की मौत

बागेश्वर। बीडी पांडेय कैंपस में निर्माण कार्य चल रहा है। कार्य में लगे मजदूर भी वहीं रह रहे हैं। शुक्रवार रात दो मजदूर एक कमरे में सोए हुए थे। रात में एक नेपाली मजदूर करंट की चपेट में आ गया। साथ में सोए मजदूर ने अन्य साथियों को बुलाया और उसे अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीडी पांडेय कैंपस में भवन निर्माण कार्य के चलते रात में मजदूर उसी भवन में रह रहे हैं। कमरे में रोशनी के लिए ठेकेदार ने अस्थायी बिजली की लाइन खींचकर हाइलोजन से रोशनी की हुई है। शुक्रवार रात कालीकोट नेपाल निवासी मजदूर 25 वर्षीय मनराज शाही एक अन्य साथी के साथ खाना खाकर सो गया। रात में वह खुले तार की चपेट में आ गया और करंट से झुलस गया। साथ में सो रहे उसके साथी ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर अन्य साथी भी पहुंच गए और उसे जिला अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। अस्पताल प्रबंधन की सूचना के बाद कोतवाल कैलाश नेगी मौके पर पहुंचे और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मॉर्चरी में रख दिया। घटना के बाद निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार भी मौके पर पहुंचे।

ठेकेदार प्रमोद मेहता ने बताया कि उनका बीडी पांडे कैंपस में निर्माण कार्य चल रहा है। मृतक मजदूर दो दिन पहले ही केदारनाथ से आया था। मजदूर के उनके गांव का होने के कारण वह शुक्रवार की रात सोने के लिए आ गया। रात में वह करंट की चपेट में आ गया। वह उनका मजदूर नहीं था।

### सावन में केदारनाथ धाम में बढ़ी दर्शनार्थियों की संख्या

रुद्रप्रयाग। बरसात में भले ही यात्रा में वह तेजी नहीं है जो मई और जून में थी, किंतु सावन को देखते हुए फिर से बाबा केदार के दर्शन करने वाले यात्रियों की संख्या में इजाफा होने लगा है। प्रतिदिन 2 से 3 हजार यात्री बाबा केदार के दर्शन कर रहे हैं। बड़ी संख्या में कांवड़ यात्री धाम पहुंच रहे हैं। केदारनाथ धाम में अब तक कुल 13,69, 499 तीर्थयात्री बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। बरसात में यात्रियों के धाम आने का सिलसिला कम होता रहा है। इसके पीछे विषम परिस्थिति के बीच 16 किमी पैदल यात्रा मुश्किल भरी होती है। जबकि कई जगहों पर पत्थर गिरने का भी भय बना रहता है, बावजूद सावन को देखते हुए यात्री संख्या में इजाफा होने लगा है। 16 जुलाई को केदारनाथ धाम में 3110 यात्रियों ने दर्शन किए हैं जबकि 17 जुलाई को यह संख्या 2815 हुई। 18 जुलाई को केदारनाथ धाम में 6432 तीर्थयात्रियों ने बाबा केदार के दर्शन किए हैं।

# पारदर्शिता, तीव्रता और दूरदर्शिता के साथ काम कर ही है धामी सरकार-अमित शाह

## • विकसित उत्तराखंड से ही पूरा होगा विकास 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य



देहरादून। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में शनिवार को रुद्रपुर में आयोजित, उत्तराखंड निवेश उत्सव–2025 में पुष्कर सिंह धामी सरकार ने, उत्तराखंड में दिसंबर 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के बाद निवेश के रूप में हुए, एक लाख करोड़ रुपए की सफल ग्राउंडिंग का उत्सव मनाया। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य सरकार के प्रयासों की जमकर तारीफ करते हुए, केंद्र सरकार से भरपूर सहायता का आश्वासन दिया।

**टीम धामी ने दिखाया पराक्रम**

स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर में आयोजित, उत्तराखंड निवेश उत्सव – 2025 को संबोधित करते हुए, गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि वो जब भी चार धामों और गंगा यमुना की भूमि उत्तराखंड आते हैं तो नई चेतना लेकर लौटते हैं। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड ने पूरी दुनिया को आध्यात्मिक ऊंचाई पर ले जाने का काम किया है। यहां की नदियां आधे भारत की पेयजल, सिंचाई की जरूरतों को पूरा करती हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने दिसंबर 2023 में आयोजित उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के समापन समारोह का जिक्र करते हुए कहा कि तब उन्होने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से कहा था कि, राज्य सरकार का असल पराक्रम समिट में हुए तीन लाख 56 हजार करोड़ के एमओयू को धरातल पर उतारने का होगा, लेकिन अब उन्हें खुशी है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की टीम ने तमाम चुनौतियों के बावजूद, आज एक लाख करोड़ का इन्वेस्टमेंट धरातल पर उतार दिया है। इससे 81 हजार नए रोजगार सृजन का रास्ता साफ हो गया है। साथ ही सहायक उद्योगों के जरिए भी ढाई लाख से अधिक नए रोजगार सृजित होने की उम्मीद जगी है।

**पारदर्शिता, तीव्रता और दूरदर्शिता**

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि, उत्तराखंड के दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में भी उद्योग लग रहे हैं। राज्य सरकार विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करते हुए, नीति में पारदर्शिता, क्रियान्वयन में तीव्रता और विजन में दूरदर्शिता के साथ विकास का नया खाका खींचने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई सरकार ने उत्तराखंड के साथ ही झारखंड और छत्तीसगढ़ के रूप में तीन नए राज्य बनाने का काम किया। आज ये तीनों राज्य अपने पैरों पर खड़े हो रहे हैं। 2014 के बाद केंद्र में मोदी सरकार बनने के बाद से उत्तराखंड में तो लगातार डबल इंजन की सरकार चल रही है।

**2027 तक दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में विकास का खाका खींचते हुए हर क्षेत्र में नए रिकॉर्ड बनाए हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई दस साल में 60 प्रतिशत बढ़ी है, इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आठ लाख किमी सड़कें बनी हैं। 333 जिलों में सुविधाजनक वंदे भारत ट्रेन पहुंच चुकी है। दस सालों में 45 हजार किमी रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण किया गया, 88 नए हवाई अड्डे बने साथ ही इनलैंड वाटर वे कारगो में 11 गुना बढ़ोत्तरी हुई है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि अटल जी देश की अर्थव्यवस्था को 11वें नंबर पर छोड़ गए थे, मोदी जी इसे चौथे नंबर पर ले आए हैं। अब 2027 में हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक समय में कहा जाता था कि आधारभूत सुविधाएं विकसित करते हुए, देश के गरीबों का कल्याण संभव नहीं है। लेकिन मोदी जी ने इस मिथक को तोड़ते हुए 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर पहुंचा दिया है। मोदी सरकार गरीबों को पांच किलो मुफ्त अनाज देकर खाद्य सुरक्षा प्रदान कर रही है, साथ ही 55 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपए तक निःशुल्क इलाज की सुविधा प्रदान कर रही है। इस दौरान 16 करोड़ घरों में पहली बार नल से जल पहुंचा, 12 करोड घरों में शौचालय, 13 करोड़ परिवारों को मुफ्त एलपीजी सिलेंडर की सुविधा प्रदान की गई। मोदी सरकार के कार्यकाल में तीन करोड़ घरों में पहली बार बिजली पहुंची, चार करोड़ लोगों को पक्के मकान दिए गए।

**विकसित भारत के लिए विकसित उत्तराखंड**

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा मोदी जी ने 2047 तक विकसित भारत की कल्पना की है, लेकिन विकसित उत्तराखंड के बिना विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना संभव नहीं है। देश के समग्र विकास के लिए, छोटे राज्यों सहित उत्तर पूर्व के राज्यों का विकास भी जरूरी है।

### सीएम बोले, निवेश, नवाचार और औद्योगिक विकास की उंचाइयों को छू रहा उत्तराखंड

इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह का स्वागत करते हुए कहा कि आज हम उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में एक लाख करोड़ रूपए से अधिक की सफलतापूर्वक ग्राउंडिंग का उत्सव मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज का उत्सव केवल आर्थिक निवेश नहीं, बल्कि उत्तराखंड की समृद्ध संभावनाओं, उद्यमिता की भावना और जन भागीदारी पर आधारित समावेशी विकास का प्रतिबिंब है, जो राज्य को आत्मनिर्भरता और औद्योगिक समृद्धि की नई उंचाइयों तक ले जाएगा। आज 1342 करोड़ रूपए से अधिक की लागत की विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट 2023 के अंतर्गत 3.56 लाख करोड़ रूपए से अधिक के निवेश समझौतों में से 1 लाख करोड़ रूपए से अधिक के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने में सफलता प्राप्त हुई है। आज उत्तराखंड निवेश, नवाचार और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में नई उंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने के लिए देश में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किये जा रहे हैं। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो चुका है। ''वोकल फॉर लोकल'', ''मेक इन इंडिया'', ''स्किल इंडिया'' और ''स्टार्टअप इंडिया'' जैसी पहलों के माध्यम से देश आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम वाला देश बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में औद्योगिक विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। राज्य में औद्योगिक नीति, लॉजिस्टिक नीति, स्टार्टअप नीति, एमएसएमई नीति सहित 30 से अधिक नीतियों को लागू कर राज्य में उद्योगों को बेहतर माहौल उपलब्ध कराया जा रहा है। स्टार्टअप के लिए 200 करोड़ रूपए के वेंचर फंड की स्थापना की गई है। राज्य में निवेश प्रोत्साहन के लिये ''निवेश मित्र'' की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। काशीपुर में अरोमा पार्क, सितारगंज में प्लास्टिक पार्क, काशीपुर में इलैक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर, पंतनगर में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना की है। करीब 13 सौ करोड़ रूपए की लागत से खुरपिया में स्थापित होने वाली इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी भी उत्तराखंड के औद्योगिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी।

## बोलबम के नारे से गंगाघाटी शिवमय

# पांच लाख से अधिक शिवभक्तों ने किया नीलकंठ महादेव मंदिर में जलाभिषेक



ऋषिकेश, गर्मी और उमस के बीच भी बाबा भोले के भक्तों के उत्साह में किसी तरह की कोई कमी नहीं है। बोलबम के नारे से गंगाघाटी शिवमय हो रखी है। हर तरफ केसरिया चोले में भक्तों का रेला जो सावन माह के साथ शुरू हुआ वह टूटने का नाम नहीं ले रहा है। प्रशासन का दावा है कि शनिवार को पांच लाख से अधिक शिवभक्तों ने नीलकंठ महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। नीलकंठ मंदिर मार्ग बम भोले के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे कांवड़ यात्रियों से भक्तिमय हो गया है। पैदल मार्ग पर कदम आगे बढ़ा अपने आराध्य देव के दर्शनों के लिए शिवभक्त लगातार पहुंच रहे हैं। पैदल मार्ग पर लहराते भगवे ध्वज, कंधों पर झूमती कांवड़, और श्रद्धा में लीन कांवड़ियों के चेहरों ने सम्पूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया है। शनिवार को तीर्थनगरी कांवडियों की भीड़ से अटी रही। ऋषिकेश–हरिद्वार हाईवे समेत तमाम मार्गों पर शिवभक्त ही नजर आ रहे है। शनिवार को शाम चार बजे तक पांच लाख से अधिक शिवभक्तों ने नीलकंठ महादेव मंदिर में गंगाजल से जलाभिषेक किया। एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि पंचम खत्म होने के बाद कांवड़ियों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। शनिवार को बड़ी संख्या में शिवभक्त जलाभिषेक को नीलकंठ मंदिर पहुंचे। मंदिरों में भी जुट रही कांवड़ियों की भीड़ नीलकंठ महादेव मंदिर जाने वाले शिवभक्त ऋषिनगरी के मंदिरों में भी पहुंच रहे है। जिसके चलते भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मंदिरों के व्यवस्थापकों और पुजारियों को भी पसीना बहाना पड़ रहा है। यहां विभिन्न मंदिरों में भण्डारे का आयोजन भी किया गया है। जिसके चलते बड़ी संख्या में कांवड़ियों की भीड़ मंदिरों में पहुंच रही है।

### गौलापार बाईपास पर कूड़ा वाहन से टकराई कार, लखनऊ का परिवार घायल

हल्द्वानी। गौला बाईपास पर ट्रंचिंग ग्राउंड के पास सड़क पर बने कट के कारण शनिवार को एक कार कूड़ा वाहन से जा टकराई। कार में कैंची धाम दर्शन के लिए जा रहा लखनऊ का एक परिवार सवार था। हादसे में दो सगे भाइयों और एक महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसा शनिवार तड़के हुआ जब लखनऊ के विवेक पांडे, राजन पांडे, उनके भाई शिवम पांडे, प्रज्वल तिवारी, अनक दुबे और शगुन पांडे कार से कैंची धाम जा रहे थे। गौला बाईपास पर नरीमन तिराहे के पास कार ट्रंचिंग ग्राउंड के निकट कूड़ा वाहन के तेल टैंक से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर वनभूलपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। प्रभारी थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि सड़क पर बना कट और कूड़ा गाड़ी का विपरीत दिशा में मुड़ना हादसे का मुख्य कारण रहा।

# मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर दो बड़े हादसे, 6 लोगों की मौत, 30 से अधिक घायल



मथुरा , उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार को दो अलग–अलग सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इनमें से कई यात्रियों की हालत गंभीर है। हादसों के बाद मौके पर पुलिस और राहत दल पहुंचा। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों हादसों का कारण ड्राइवरों को नींद आना बताया जा रहा है। पहला हादसा थाना बलदेव क्षेत्र में माइलस्टोन संख्या 140 के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार ईको कार एक अज्ञात वाहन से टकरा गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में सवार 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, कार सवार लोग दिल्ली से आगरा की ओर जा रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। वहीं, घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की शिनाख्त की प्रक्रिया जारी है। दूसरा हादसा यमुना एक्सप्रेसवे पर माइलस्टोन 131 के पास हुआ, जहां दिल्ली से मध्य प्रदेश जा रही एक यात्री बस अचानक डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस दुर्घटना में करीब 30 यात्री घायल हो गए हैं, जिनमें से 4 लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। बस में सवार यात्रियों को पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मथुरा के एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि ईको कार ड्राइवर को नींद आने के कारण यह हादसा हुआ। कार आगे चल रहे वाहन से जाकर टकराई, जिसमें 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एसएसपी श्लोक कुमार के मुताबिक, बस हादसा भी संभवतः ड्राइवर को नींद आने के कारण ही हुआ है। फिलहाल पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है और घटनास्थलों से यातायात को सामान्य कर दिया गया है। मृतकों के परिजनों को सूचना दी जा रही है।

# राज ठाकरे के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका, गैर–मराठी नागरिकों पर हमलों को लेकर कार्रवाई की मांग



नई दिल्ली ,महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) सुप्रीमो राज ठाकरे के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। अधिवक्ता घनश्याम उपाध्याय ने यह याचिका दाखिल की है, जिसमें राज ठाकरे और उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की गई है।

याचिकाकर्ता घनश्याम उपाध्याय ने बताया कि इससे पहले उन्होंने हिंदी भाषा के मुद्दे पर गैर–मराठी नागरिकों पर हो रहे हमलों के खिलाफ अधिकारियों को शिकायत भेजी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। उपाध्याय का कहना है कि अधिकारियों से कई बार शिकायत करने के बावजूद राज ठाकरे और उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई, जिसके चलते उन्हें अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि राज ठाकरे ने मराठी भाषा के नाम पर गैर मराठी नागरिकों पर हमलों को उचित ठहराने की कोशिश की है। याचिका में राज ठाकरे, उनके चचेरे भाई और शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे की ओर से 5 जुलाई को आयोजित विजय रैली का हवाला देते हुए दावा किया गया है कि राज ठाकरे ने मराठी न बोलने वालों की पिटाई को उचित ठहराया था

याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि राज ठाकरे ने मराठी भाषा के मुद्दे को राजनीतिक फायदे के लिए उछाला है, ताकि आगामी बीएमसी चुनावों में इसका लाभ उठाया जा सके।

बता दें कि मुंबई में मराठी बनाम हिंदी भाषा का विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। राज ठाकरे के समर्थकों की ओर से गैर–मराठी भाषियों की पिटाई के कई मामले सामने आए हैं। हाल ही में शराब के नशे में मनसे नेता के बेटे ने इन्फ्लुएंसर राजश्री मोरे के साथ बदसलूकी की थी। इससे पहले, मराठी ने बोलने के कारण दुकानदार की पीटाई की थी। पीटाई करने वाले लोगों ने अपने गले में राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) से जुड़े स्कार्फ पहने रखे थे।

### कपकोट भूकंप और भूस्खलन की दृष्टि से जोन पांच में

बागेश्वर। एनडीआरएफ 15वीं वाहिनी के कमांडेंट सुदेश कुमार दराल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्हें बल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि कपकोट भूकंप तथा भूस्खलन की दृष्टि से जोन पांच में आता है। यह अति संवेदनशील क्षेत्र है। जहां के स्कूली बच्चों को स्कूल सेफ्टी अभियान के तहत बल के सात रेस्क्यूअर्स प्रशिक्षण दे रहे हैं। सब इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह तथा उनकी टीम ने कक्षा छह से 12 वीं तक के विद्यार्थियों तथा शिक्षक–शिक्षिकाओं, कर्मचारियों को आपदा खोज बचाव के गुर सिखाए।

ओरवव्यू आफ एनडीआरएफ रोल, रिस्पोसिविलिटी आफ एनडीआरएफ के बारे में जानकारी दी। हृदय घात होने पर व्यक्ति को बचाने की विधि बताई। गला चोक होने पर उपचार, रक्तस्राव को रोकना सिखाया। इमरजेंसी, नान इमरलेंसी मूव इंप्रोवाइज तरीके से स्ट्रेचर तैयार कराया। फायर इमरजेंसी तथा भूकंप के समय क्या करें, क्या ना करें यह कर के दिखाया। इसके अलावा इंप्रोवाइज फ्लोटिंग डिवाइस के बारे में प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण शिविर में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर भागीदारी की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बंशी लाल, अनिता धपोला आदि उपस्थित थे।

# कुंसाला–कुपड़ा मोटरमार्ग पर पैदल आवाजाही आज से



उत्तरकाशी। जिले के सात ग्रामीण मोटरमार्ग जगह–जगह मलबा और पत्थर गिरने से आवाजाही के लिए नहीं खुल सके हैं। जिस कारण ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर कुपड़ा–कुंसाला और गजोली–नौगांव मोटरमार्ग लंबे समय से बाधित हैं। हालांकि, कुंपड़ा–कुंसाला मोटरमार्ग की एप्रोच क्षतिग्रस्त होने पर गढ़ गाड से होते हुए विभाग ने पुलिया तैयार कर देर शाम तक पैदल आवाजाही सुचारू करने का दावा किया है। जिले में कुंसाला–कुपड़ा मोटरमार्ग, धरासू चमियारी, गजोली–नौगांव, भंकोली अगोड़ा, सौरा–ओसला, रानाचट्टी–निसणी और पाव–सिरगा मोटरमार्ग सहित कुल सात ग्रामीण सड़कें यातायात के लिए बाधित हैं। इनमें कुंसाला–कुपड़ा, गजोली नौगांव और भंकोली अगोड़ा मोटरमार्ग लगभग तीन सप्ताह से बाधित हैं, जहां ग्रामीणों को सड़क न खुलने से आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओजरी के निकट कुंसाला–कुपड़ा मार्ग के पुल की एप्रोच क्षतिग्रस्त होने से आवाजाही ठप है। हालांकि पीएमजीएसवाई ने इसके निचले छोर से गढ़ गाड से पैदल आवाजाही का मार्ग तैयार कर लिया है, जहां से शनिवार शाम तक आवाजाही शुरू हो जाएगी।

# अमरनाथ यात्रा सुचारूरूप से जारी, 2.73 लाख से अधिक लोगों ने किए दर्शन



श्रीनगर , अमरनाथ यात्रा सुचारू और शांतिपूर्ण तरीके से चल रही है। पिछले 16 दिनों में 2.73 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। इसके अलावा, शनिवार को 6,365 यात्रियों का एक और जत्था जम्मू से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि तीन जुलाई को यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 2.73 लाख से अधिक यात्री पवित्र गुफा मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार, 6,365 यात्रियों का एक नया जत्था दो सुरक्षा काफिलों में जम्मू के कैनाल रोड स्थित भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि पहला सुरक्षा काफिला सुबह 3:25 बजे रवाना हुआ, जिसमें 92 वाहनों के साथ 2,851 यात्री बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुए। वहीं, दूसरा सुरक्षा काफिला सुबह 3:53 बजे रवाना हुआ, जिसमें 119 वाहनों के साथ 3,514 यात्री पहलगाम बेस कैंप के लिए रवाना हुए। अब तक की यात्रा के दौरान 13 तीर्थयात्रियों की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। अमरनाथ यात्रा के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### जम्मू–कश्मीर पुलिस का बड़ा एक्शन

श्रीनगर ,जम्मू–कश्मीर में आतंक से जुड़े एक मामले में श्रीनगर की कई जगहों पर तलाशी अभियान जारी है। इस बारे में अधिकारियों ने बताया कि जम्मू–कश्मीर पुलिस की काउंटर–इंटेलिजेंस विंग एक आतंकी मामले के सिलसिले में घाटी में कई जगहों पर तलाशी ले रही है।

अधिकारियों ने बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) द्वारा कश्मीर घाटी के चार जिलों में 10 जगहों पर तलाशी ली जा रही है। आतंकवादी स्लीपर सेल और भर्ती मॉड्यूल का पता लगाने के लिए तलाशी ली जा रही है।उन्होंने बताया कि सीआईके की तलाशी गंदेरबल में छह, बडगाम में दो और पुलवामा व श्रीनगर में एक–एक जगह पर ली जा रही है।

# उत्तर प्रदेश में आंधी, बारिश और बिजली गिरने से 10 लोगों की मौत, सीएम ने लिया संज्ञान



लखनऊ ,उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बीते 24 घंटों के दौरान तेज आंधी, बारिश और आकाशीय बिजली के कहर ने जनजीवन को प्रभावित किया है। राज्य में डूबने से 9 लोगों की और सर्पदंश से एक व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है। हालात को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबंधित जनपदों के अधिकारियों को राहत कार्यों को तत्काल और प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। राहत आयुक्त कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार चित्रकूट में डूबने से पांच लोगों की मौत हुई है, जबकि बिजनौर में तीन लोग मरे हैं। वहीं, महोबा में एक की डूबने से मौत हो गई है और प्रयागराज में सर्पदंश से एक की मौत हुई है। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी बयान के अनुसार, योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जिलाधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचकर सर्वेक्षण करें और राहत कार्यों की निगरानी करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जनहानि या पशुहानि की स्थिति में प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत राशि उपलब्ध कराई जाए और घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बारिश या जलभराव की स्थिति में त्वरित जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही, जिला और तहसील स्तर पर अधिकारियों को सक्रियता बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने को कहा गया है। प्राकृतिक आपदा के इस दौर में राज्य सरकार राहत कार्यों को युद्धस्तर पर संचालित करने की दिशा में काम कर रही है। प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखा गया है और आपदा प्रबंधन इकाइयों को भी सक्रिय कर दिया गया है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) के अनुसार, स्थिति पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है और प्रभावितों तक हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है।

# हिन्दी को लेकर फिर से विवाद

**नवल किशोर कुमार**

हिन्दी भाषा को लेकर फिर से विवाद गरमा गया है। इस बार विवाद भाजपा शासित महाराष्ट्र में सामने आया है। हिन्दी को अनिवार्य बनाने की कोशिशों को झटका लगा है। वहां मराठीभाषियों के विरोध को देखते हुए सरकार को अपने कदम खींचने पड़े हैं।हालिया मराठी–हिन्दी विवाद की शुरु आत नई शिक्षा नीति–2020 के तहत त्रिभाषा फॉर्मूले को चरणबद्ध तरीके से लागू किए जाने को लेकर हुई। राज्य शिक्षा विभाग की ओर से प्रस्ताव आया कि–कक्षा एक से दसवीं कक्षा तक हिन्दी की पढ़ाई शुरू की जाए ताकि विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षा के लिए बेहतर रूप से तैयार किए जा सकें।महाराष्ट्र में पचास के दशक से ही मराठी पहचान को लेकर राजनीति जारी है। मराठी भाषा का सवाल उस दौर से ही बेहद संवेदनशील मुद्दा रहा है। यह केवल शिक्षा नीति से जुड़ा मामला नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय अस्मिता से भी इसका नाभि–नाल का संबंध है। हालांकि इसके पहले दक्षिण भारत के राज्यों खासकर तमिलनाडु में केंद्र सरकार की पहल का तीखा विरोध हुआ। हालांकि यह विवाद कोई नया विवाद नहीं है। आजादी के पहले से यह चला आ रहा है लेकिन मूल सवाल यह है कि अब यह विवाद क्यों गहराता जा रहा है? तो इसका जवाब यह है कि नई शिक्षा नीति के तहत राज्यों को तीसरी भाषा के रूप में हिन्दी पढ़ाने का निर्देश दिया गया है।इसे लेकर विवाद क्यों है, इसे इस तरह से समझा जा सकता है कि पश्चिम बंगाल में बांग्ला स्थानीय भाषा है, जिसे वहां राजकीय शासन–प्रशासन में इस्तेमाल में लाया जाता है। बांग्ला के अलावा वहां अंग्रेजी को सरकारी मान्यता प्राप्त है, और शिक्षण संस्थानों में भी। अब केंद्र सरकार का कहना है कि वहां तीसरी भाषा के रूप में हिन्दी भी शामिल की जाए। यही स्थिति उन सभी राज्यों में है, जहां की स्थानीय भाषा को पहले से ही सरकारी मान्यता प्राप्त है। यह सवाल कि हिन्दी का विरोध क्यों किया जा रहा है, तो इसके पीछे एक बड़ा सवाल अस्मिता और संस्कृतियों से जुड़ा है। यदि हम तमिलनाडु की ही बात करें तो वहां द्रविड़ संस्कृति रही है, और तमिल को सबसे प्राचीन भाषा का सम्मान भी प्राप्त है। वहां हिन्दी का विरोध कर रहे लोगों का हमेशा तर्क रहा है कि हिन्दी को शामिल करने से हिन्दी से संबंधित संस्कृतियों का समावेशन होगा जिससे द्रविड़ संस्कृति को नुकसान पहुंचेगा। असल में भारत, जो विभिन्न धमी और मान्यताओं वाला देश है, में हर प्रांत की अपनी मान्यताएं और संस्कृतियां हैं। सही है कि हिन्दी को उत्तर भारत में सर्वोच्च स्थान हासिल है, और इसका विस्तार मध्य भारत के मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों में है लेकिन हिन्दी को अभी तक राष्ट्रव्यापी समर्थन नहीं मिल सका है और इसकी वजहें विभिन्न संस्कृतियां व उनसे जुड़ी अस्मिताएं हैं। हिन्दी के विरोध अब इस स्तर तक पहुंच गया है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी सफाई देनी पड़ रही है। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने सफाई दी है कि संघ बहुत पहले से मानता रहा है कि भारत की सभी भाषाएं, राष्ट्रीय भाषाएं हैं। हालांकि यह पूरी तरह सत्य नहीं है। तमिल, कन्नड़, उड़िया, बांग्ला आदि भाषाओं को भारत सरकार ने भले ही आठवीं अनुसूची में जगह दे दी है, लेकिन अब भी राष्ट्रीय स्तर पर उनके प्रचार–प्रसार की वैसी कवायद सामने नहीं आई हैं, जिस तरह की हिन्दी को लेकर की जाती रही है।

इसके साथ यह भी कहा है कि प्राथमिक शिक्षा मातृ भाषा में ही होनी चाहिए। असल में महाराष्ट्र में विरोध के पीछे की राजनीति को दरकिनार नहीं किया जा सकता लेकिन इसका दूसरा पक्ष, जिसे नई शिक्षा नीति के संदर्भ में जरूर देखा जाना चाहिए, यह है कि तीन भाषाओं को पढ़ने से छात्रों की ऊर्जा का अपव्यय होगा। इसे ऐसे समझें कि कोई छात्र तमिल और अंग्रेजी में पढ़ाई कर रहा है, तो उसके लिए हिन्दी पढ़ना अतिरिक्त बोझ के समान होगा। इससे उनकी मेधा प्रभावित होगी। हालांकि केंद्र सरकार ने जिस नीयत से हिन्दी को पूरे भारत में थोपने की जो कोशिश की है, उसके मूल में हिन्दुत्व का प्रसार है। इसके पहले एक कोशिश संस्कृत के लिए भी की गई और अब भी कई प्रांतों में स्कूली छात्रों के लिए संस्कृत पढ़ना आवश्यक है। इसके बावजूद कि इस भाषा को पढ़ने का कोई लाभ व्यावहारिक जीवन में नहीं मिलता। यही स्थिति हिन्दी के मामले में भी है। इसकी वजह है हिन्दी की सर्वत्र स्वीकार्यता। मतलब यह कि अंग्रेजी के जरिए आज वैश्विक स्तर पर संवादों का अदान–प्रदान संभव है। बड़ी से बड़ी नौकरियां अंग्रेजी के कारण हासिल की जा सकती हैं। हिन्दी या क्षेत्रीय भाषाओं के अध्ययन से यह संभव नहीं है। भाषा के विवाद के मूल में जहां एक ओर हिन्दुत्व को थोपने की संघी मानसिकता तो है ही, दलित, पिछड़े और आदिवासियों को अंग्रेजी से दूर रख कर उन्हें शासन–प्रशासन से अलग रखने की मंशा भी सामने आती है। वजह यह कि सरकार की नीति कहती है कि हिन्दी सरकारी स्कूलों में अनिवार्य की जाए। जाहिर तौर पर गैर–हिन्दी छात्र हिन्दी पढ़ने को बाध्य किए जाएंगे तथा अंग्रेजी से दूर किए जाएंगे जबकि देश भर के प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाई का माध्यम अंग्रेजी है। हालांकि केंद्र सरकार द्वारा संचालित स्कूलों मसलन, केंद्रीय विद्यालयों में पढ़ाई की भाषा अंग्रेजी है। जब यह व्यवस्था की गई थी तब तर्क था कि इन विद्यालयों में केंद्र सरकार के कर्मियों के बच्चे पढ़ेंगे जिनका स्थानांतरण अलग–अलग राज्यों में किया जाता है लेकिन बाद में यह प्राइवेट स्कूलों में भी आम चलन हो गया। आज स्थिति यह है कि सुविधा संपन्न लोग अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में भेजना पसंद करते हैं। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में अधिक संख्या दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के बच्चों की होती है।

# वायु प्रदूषण से प्रभावित हो रहे गर्भस्थ शिशु

**डॉ राहुल शर्मा**

वायु प्रदूषण भारत में एक प्रमुख स्वास्थ्य संकट बना हुआ है, जहां परिवेशीय और घरेलू प्रदूषण का स्तर दुनिया में सबसे अधिक है। यह गर्भवती महिलाओं, भ्रूणों, नवजात शिशुओं और छोटे बच्चों जैसे संवेदनशील समूहों को असमान रूप से प्रभावित करता है। आइआइटी, दिल्ली, अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान, मुंबई और ब्रिटेन तथा आयरलैंड के शोधकर्ताओं के अध्ययन ने भी इस बात की पुष्टि की है कि वायु प्रदूषण का असर गर्भस्थ शिशुओं पर पड़ रहा है। वे कम वजन के और असमय पैदा हो रहे हैं। यह अध्ययन वायु प्रदूषण से उपजे गंभीर संकट की ओर इशारा करता है।

**गर्भावस्था के दौरान गर्भवती के पीएम2।5, पीएम10, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, ओजोन और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसे प्रदूषकों के संपर्क में आने पर भ्रूण पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष, दोनों तरह के प्रभाव पड़ सकते हैं। भारतीय शहरों में अक्सर पीएम2।5 का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक से कई गुना अधिक दर्ज किया जाता है। ऐसी स्थिति में सांसों के माध्यम से जब गर्भवती के भीतर ये प्रदूषक प्रवेश करते हैं, तब ये उसके पूरे शरीर में सूजन (सिस्टमेटिक इनफ्लेमेशन) और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस (जब शरीर में मुक्त कणों की संख्या एंटीऑक्सीडेंट से अधिक हो जाती है) पैदा करते हैं, जो गर्भाशय के संकुचन, गर्भाशय ग्रीवा के पकने और झिल्लियों के समय से पूर्व टूटने जैसी स्थितियां उत्पन्न कर सकते हैं।**



गर्भावस्था के दौरान गर्भवती के पीएम2। 5, पीएम10, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, ओजोन और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसे प्रदूषकों के संपर्क में आने पर भ्रूण पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष, दोनों तरह के प्रभाव पड़ सकते हैं। भारतीय शहरों में अक्सर पीएम2।5 का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक से कई गुना अधिक दर्ज किया जाता है। ऐसी स्थिति में सांसों के माध्यम से जब गर्भवती के भीतर ये प्रदूषक प्रवेश करते हैं, तब ये उसके पूरे शरीर में सूजन (सिस्टमेटिक इनफ्लेमेशन) और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस (जब शरीर में मुक्त कणों की संख्या एंटीऑक्सीडेंट से अधिक हो जाती है) पैदा करते हैं, जो गर्भाशय के संकुचन, गर्भाशय ग्रीवा के पकने और झिल्लियों के समय से पूर्व टूटने जैसी स्थितियां उत्पन्न कर सकते हैं।

इससे भ्रूण और नवजात की वृद्धि और विकास प्रभावित हो सकते हैं। इतना ही नहीं, वायु प्रदूषण का प्रसव पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। समय पूर्व जन्म (37 सप्ताह से पहले प्रसव) भारत में नवजात शिशुओं की रुग्णता और मृत्यु दर का एक प्रमुख कारण है। वायु प्रदूषण के चलते प्रतिवर्ष 35 लाख से अधिक बच्चों का जन्म असमय हो जाता है। भारत में हुए कई अध्ययनों ने भी समय पूर्व जन्म का एक कारण वायु प्रदूषण को बताया है।जन्म के समय बच्चे के कम वजन का होना भारत में एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, जिस कारण लगभग 18 प्रतिशत नवजात (लाइव बर्थ) प्रभावित होते हैं। शहरी क्षेत्रों में अक्सर परिवेशी प्रदूषण के कारण यह दर और भी अधिक होती है। गर्भवती के वायु प्रदूषण (उच्च पीएम2। 5) के लगातार संपर्क में रहने से प्लासेंटा के भीतर मौजद ब्लड वेसेल्स का विकास और संचरना (प्लासेंटल वैस्कुलराइजेशन) तथा पोषक तत्वों की आपूर्ति बाधित होती है, जिससे गर्भ में पल रहे शिशु की वृद्धि अपेक्षित दर से नहीं हो पाती है। भारत में मृत जन्म (स्टिलबर्थ (बीस सप्ताह के बाद भ्रूण की मृत्यु हो जाना)) की दर उच्च आय वाले देशों की तुलना में ऊंची बनी हुई है। इसके लिए भी वायु प्रदूषण को एक महत्वपूर्ण जोखिम कारक माना जा रहा है।मिलियन डेथ स्टडी के एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि वायु प्रदूषण के कारण भारत में प्रतिवर्ष 25,000 से अधिक स्टिलबर्थ होते हैं। वायु प्रदूषण का नवजात और शिशु के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। भारत में समय पूर्व जन्मे और कम वजन वाले शिशु गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करते हैं। ऐसे बच्चों को अक्सर श्वसन संकट, हाइपोथर्मिया, हाइपोग्लाइसीमिया और सेप्सिस जैसी परेशानी से दो–चार होना पड़ता है। भारतीय बाल रोग अकादमी की रिपोर्ट के अनुसार, वायु प्रदूषण के कारण समय पूर्व जन्मे शिशुओं को सामान्य शिशुओं की तुलना में दो से तीन गुना अधिक रेस्पिरेटरी सपोर्ट की आवश्यकता होती है। इतना ही नहीं, प्रसव के बाद शिशुओं के अपने आसपास मौजूद उच्च प्रदूषण के संपर्क में आने से ब्रोंकियोलाइटिस, निमोनिया और अस्पताल में भर्ती होने का खतरा बढ़ जाता है। विदित हो कि वायु प्रदूषण भारत में बचपन में निमोनिया से होने वाली मौतों के शीर्ष तीन जोखिम कारकों में से एक है।

डब्ल्यूएचओ के अनुसार, भारत में पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में से लगभग 12 प्रतिशत की मृत्यु वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से होती हैं, जो अक्सर निमोनिया या जन्म संबंधी जटिलताओं के कारण होती है। वर्ष 2019 में वायु प्रदूषण के कारण भारत में पांच वर्ष से कम उम्र के अनुमानतः 1,16,000 बच्चों की मृत्यु हुई थी। बच्चे के जन्म के बाद भी कुछ समय तक उसके फेफड़ों का विकास जारी रहता है। परंतु भारतीय शहरों में उच्च पीएम स्तर के लगातार संपर्क में रहने से यह प्रक्रिया बाधित हो सकती है। इससे फेफड़े की कार्यक्षमता कम हो सकती है, जो अस्थमा, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज और शारीरिक क्षमता में कमी जैसे खतरे को बढ़ाती है। जन्म पूर्व पीएम2। 5 के संपर्क में आने से बच्चों के तंत्रिका तंत्र के विकास पर भी प्रभाव पड़ता है, जिससे उनकी संज्ञानात्मक प्रक्रिया तो प्रभावित होती ही है, उन्हें व्यवहार संबंधी समस्या भी होती है। असमय या कम वजन के साथ जन्मे शिशुओं के बड़े होने पर अस्थमा, फेफड़ों की कार्यक्षमता में कमी, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा, सीखने और ध्यान संबंधी समस्याओं, खराब समन्वय और चिंता व अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों से घिरने का खतरा बढ़ जाता है। वायु प्रदूषण के इन गंभीर परिणामों को देखते हुए गर्भवती महिलाओं और बच्चों को वायु प्रदूषण से बचाना सार्वजनिक स्वास्थ्य की प्राथमिकता होनी चाहिए।

## जेलों में बढ़ती कट्टरवादी सोच गंभीर चुनौती

**अशोक शर्मा**

गृह मंत्रालय ने जेलों में बढ़ती कट्टरवादी सोच को गंभीर चुनौती मानते हुए इस पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता पर जिस तरह जोर दिया है, उसकी गंभीरता समझी जानी चाहिए। गृह मंत्रालय ने दरअसल यह पाया है कि जेलों में सामाजिक अलगाव, मानसिक तनाव और अपर्याप्त निगरानी के कारण कुछ कैदी कट्टरवादी विचारों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। यह वाकई गंभीर स्थिति है। कुछ मामलों में तो ऐसे उग्र कैदियों ने जैल कर्मचारियों और दूसरे कैदियों पर हमले की साजिशें भी रची थीं। इसी के मद्देनजर मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को पत्र लिखकर विभिन्न कदम उठाने की सूची जारी की है, जिनमें कैदियों की स्क्रीनिंग, समय–समय पर जोखिम मूल्यांकन और अधिक जोखिम वाले कैदियों को अधिक निगरानी के साथ अलग रखने की व्यवस्था करना शामिल है। दिशानिर्देश में कहा गया है कि राज्य सरकारों को कट्टरपंथी कैदियों के लिए अलग से उच्च सुरक्षा वाले जेल परिसर की स्थापना पर विचार करना चाहिए। इन कैदियों की निगरानी के लिए निगरानी उपकरणों तथा खुफिया तंत्र का इस्तेमाल किया जाना चाहिए तथा उनके और उनके परिवारों के बीच निरंतर संपर्क को बढ़ावा देना भी ऐसे कैदियों की भावनात्मक स्थिरता में योगदान दे सकता है। गृह मंत्रालय के मुताबिक, कट्टरवाद चूंकि अक्सर आपराधिक गतिविधियों की पहली वजह पाया गया है, इसलिए जेलों में कट्टरपंथ की जांच तथा इसे खत्म करने के लिए तत्काल अभियान शुरू करने की आवश्यकता है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देश में कैदियों का समय–समय पर मूल्यांकन करने तथा जेलों को केवल दंडस्थल नहीं, बल्कि सुधारस्थल बनाने पर भी जोर दिया गया है।जेलों में कट्टरपंथ का बढ़ना इसलिए ज्यादा खतरनाक हो सकता है, क्योंकि जेलें बंद स्थान होती हैं, जहां सामाजिक अलगाव, सामूहिक गतिशीलता तथा निगरानी की कमी चरम दृष्टिकोणों को बढ़ावा दे सकती है। अलगाव की भावना, हिंसक प्रवृत्ति तथा असामाजिक दृष्टिकोण के कारण कैदियों के कट्टरपंथी विमर्श की ओर झुकने की आशंका वैसे भी ज्यादा है। गृह मंत्रालय ने इस खतरनाक स्थिति की ओर भी ध्यान दिलाया है कि जेलों में बढ़ता कट्टरपंथ वैश्विक स्तर पर एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। जेलों में बढ़ती कट्टरवादी सोच पर अंकुश लगाना जरूरी है, ताकि हिंसक उग्रवाद के खतरे को कम किया जा सके, कैदियों का पुनर्वास बेहतर ढंग से हो सके, वे समाज की मुख्यधारा में फिर से जुड़ सकें तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## ईओएल वाहनों को राहत

दिल्ली–एनसीआर में वायु प्रदूषण पर केंद्र के आयोग ने राष्ट्रीय राजधानी में समय सीमा पूरी कर चुके वाहनों (ईओएल) में ईंधन भरने पर प्रतिबंध के कार्यान्वयन को एक नवम्बर तक स्थगित करने का फैसला किया है। दिल्ली में अब यह अभियान राष्ट्रीय राजधानी से सटे पांच उच्च वाहन घनत्व वाले जिलों गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर और सोनीपत के साथ इसी साल एक नवम्बर से शुरू किया जाएगा। ईओएल वाहन 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल चालित वाहन और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहन हैं। पहले जारी निर्देश में कहा गया था कि ऐसे वाहनों को एक जुलाई से दिल्ली में ईंधन नहीं दिया जाएगा, चाहे वे किसी भी राज्य में पंजीकृत हों। इस फैसले का क्रियान्वयन शुरू होते ही जनाक्रोश बढ़ा तो दिल्ली सरकार को अहसास होने लगा कि यह फैसला प्रतिगामी साबित हो सकता है। यह भी लगने लगा कि यह फैसला समय से पहले उठा लिया गया कदम है। क्रियान्वयन में परिचालनगत और ढांचागत चुनौतियां भी समझ आने लगीं। सरकार के हाथ–पांव फूलने लगे और उसने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीक्यूएम) से ईओएल के खिलाफ कार्रवाई रोकने का अनुरोध किया। इस पर सीक्यूएम ने समीक्षा बैठक करके इस फैसले पर फिलवक्त रोक लगाने का निर्णय लिया है। दरअसल, यह फैसला जब नवम्बर में लागू किया जाएगा तब भी दिल्ली सरकार को तमाम चुनौतियों का सामना करना होगा। एक तो यह क्रियान्वयन इतना सख्त है कि एक भी ईओएल बचने नहीं पाएगा। ऐसे में जब्ती होगी। पुराने वाहन से वाहन स्वामियों का भावनात्मक लगाव होता है, इसके अलावा कई वाहन स्वामी अपने वाहनों को अच्छे से मेंटेन करके रखते हैं और उन्हें लगता है कि उनके वाहन प्रदूषणकारी नहीं है, जो सच भी होता है, तो ऐसे में उनकी जब्ती उन्हें पच नहीं सकेगी।

# भारत को पानी बचाना ही होगा, विश्व के लिए भी

**हिमानी रावत**

कुछ दिन पहले इतनी गर्मी थी कि पूछिए मत। पहाड़, जहां लोग गर्मी से राहत पाने के लिए आते हैं, वे भी तप रहे थे और सब सोच रहे थे कि बारिश हो, तो इस गर्मी से मुक्ति मिले। लेकिन अब जब बारिश हो रही है, तो शहर–दर–शहर डूबते जा रहे हैं। एक ही दिन की बारिश में दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों का क्या हाल होता है, हम सब जानते हैं। सड़कें पानी में डूब जाती हैं। लंबे–लंबे जाम लगते हैं। बहुत–सी दुर्घटनाएं भी होती हैं। इन दिनों भी बारिश के कारण कहीं पुल गिर रहे हैं, कहीं मकान, तो कहीं कारें पानी में नावों की तरह तैर रही हैं। बहुत–सी नदियां अपने विकराल रूप में हैं, उफन रही हैं। लोग अपने घर–बार छोड़ने पर मजबूर हैं। जो ले जा सकते हैं, अपने मवेशियों को भी साथ ले जा रहे हैं। नदियों में बाढ़ का दुखद पहलू यह है कि कुछ ही दिनों में ये नदियां सूख जायेंगी। कल तक जो लोग पानी की अधिकता से परेशान हो रहे थे, वे बूंद–बूंद पानी को तरसेंगे। कई शहरों में पानी पहुंचाने के लिए टैंकरों की मदद लेनी पड़ेगी। कुछ साल पहले चेन्नई के बारे में खबर आयी थी कि वहां पानी की इतनी कमी हो गयी है कि जल्दी ही पानी खत्म हो जायेगा। पिछले दिनों अफगानिस्तान के काबुल से भी ऐसी खबर आयी थी कि वहां पानी बचा ही नहीं है।अपने देश में पानी को लेकर एक समस्या यह है कि नयी जीवनशैली में हम पानी का अधिक इस्तेमाल तो करते हैं, पर इसे बचाने के बारे में नहीं सोचते। क्यों नहीं सोचते? क्योंकि हमें लगता है, पानी तो अपरंपार है, भगवान की देन है। जबकि ऐसा है नहीं। दुनिया में पीने लायक पानी मात्र एक प्रतिशत है। जो है भी, वह बाढ़ के रूप में नदियों में बहते हुए समुद्र में मिल जाता है और उपयोग के लायक नहीं रहता। इस्राइल में समुद्री पानी को पीने लायक बनाया जाता है, पर यह बहुत महंगा पड़ता है। अपना देश तो तमाम तरह के संसाधनों से युक्त है। क्या नहीं है अपने यहां? पहाड़, नदियां, वनस्पतियां। पर हमें इन्हें ठीक तरह से बचाना नहीं आता। कहा तो यह जाता है कि जल है तो कल है। यानी अगर पानी नहीं, तो जीवन भी नहीं। दशकों से विशेषज्ञ कह रहे हैं कि अगला विश्वयुद्ध पानी के लिए होगा। लेकिन शायद हमें इसका ध्यान नहीं। हम इस बारे में सोचते तक नहीं कि जिस दिन पीने लायक पानी नहीं होगा, उस दिन हमारा क्या होगा। एक तरफ बारिश के दिनों में पानी के कारण मचता हाहाकार है, दूसरी तरफ गर्मी में पानी की बूंद–बूंद को तरसते लोग हैं। न जाने कब से वर्षाजल के संचयन की बातें हो रही हैं, लेकिन व्यावहारिक रूप में इसका पालन बहुत कम होता देखने को मिलता है। जिन इलाकों में बाढ़ आती है, वहां बारिश से पहले ही अगर इस पानी को बचाने का इंतजाम कर लिया जाये, तो न बाढ़ की तबाही झेलनी पड़ेगी, न कोई पानी को ही तरसेगा। यह भी सच है कि दूषित पानी के कारण अपने यहां बड़ी संख्या में बच्चे तरह–तरह के रोगों का शिकार होते हैं और जान गंवाते हैं।

ऐसा भी नहीं है कि अपने देश में पानी बचाने के पारंपरिक तौर–तरीके मौजूद नहीं हैं। बिल्कुल हैं और लोग पानी की कमी इन्हीं तौर–तरीकों से पूरी करते रहे हैं। मशहूर गांधीवादी चिंतक और लेखक स्वर्गीय अनुपम मिश्र ने इस बारे में दो बेहद महत्वपूर्ण किताबें लिखी थीं, 'आज भी खरे हैं तालाब' और 'राजस्थान की रजत बूंदें'। पहली पुस्तक में अनुपम बताते हैं कि कैसे हमारे यहां हर गांव की जरूरत अपने यहां बनाये तालाबों से पूरी होती थी। इन्हें बनाने वाले कारीगर कहीं और से नहीं आते थे, बल्कि वे गांव के ही लोग होते थे। किसी–किसी जगह तो ऐसा था कि तीन गांवों के लिए बारह–बारह तालाब भी थे। अनुपम मिश्र यह भी बताते हैं कि इन तालाबों से गांव की पानी की हर तरह की जरूरतें पूरी होती थीं। इनकी पूरी देखभाल, इनकी साफ–सफाई– सब गांव के लोग ही बारी–बारी से किया करते थे। 'राजस्थान की रजत बूंदें' में वह कहते हैं कि अपने देश में राजस्थान में सबसे कम बारिश होती है। लेकिन यहां के लोगों ने बारिश के जल की एक–एक बूंद को बचाना सीखा।

# मंडला मर्डर्स का ट्रेलर जारी, मर्डर मिस्ट्री की गुत्थी सुलझाती हुई नजर आईं वाणी कपूर



सीरीज मंडला मर्डर्स का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। नेटफ्लिक्स और यशराज फिल्म्स की साझेदारी में बन रही यह सीरीज इसी महीने दर्शकों के बीच पहुंचेगी। इसमें चरणदासपुर के जंगलों में मौजूद एक प्राचीन यंत्र के रहस्यों के बारे में बताया गया है। सीरीज सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर है। इसमें सुरवीन चावला, वाणी कपूर, श्रिया पिलगांवकर जैसे सितारे हैं।

नेटफ्लिक्स ने एक पोस्ट शेयर किया है। ट्रेलर रिलीज की जानकारी देने के साथ लिखा है, कुछ रहस्य विज्ञान और विश्वास से परे हैं। मोल चुकाने का समय आ गया है। सीरीज की रिलीज डेट भी बताई गई है। मंडला मर्डर्स नेटफ्लिक्स पर 25 जुलाई से स्ट्रीम होगी।

ट्रेलर में एक प्राचीन यंत्र के बारे में बताया गया है, जो चरणदासपुर के जंगलों में है। इसमें अपने अंगों की आहुति देने वालों को वरदान प्राप्त हुआ है। अगले दृश्य में वाणी कपूर की एंट्री होती है, जो सीरीज में इन्वेस्टिगेटिंग ऑफिसर रिया थॉमस के रोल में नजर आएंगी। एक्टर वैभव दिल्ली पुलिस अधिकारी विक्रम सिंह का किरदार निभाते दिखेंगे। वे प्राचीन यंत्र और बेरहमी से की गईं हत्याओं की गुत्थी सुलझाने निकलते हैं।

इस सीरीज में सुरवीन चावला और श्रिया पिलगांवकर भी अहम भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा पंचायत फेम प्रधानजी यानी एक्टर रघुबीर यादव भी इस सीरीज में दिखाई देंगे। मंडला मर्डर्स के जरिए वाणी कपूर ओटीटी सीरीज की दुनिया में डेब्यू कर रही हैं। इस सीरीज के निर्देशन की कमान गोपी पुरथन ने संभाली है। ट्रेलर सस्पेंस से भरा है और इसने सीरीज के प्रति दिलचस्पी बढ़ा दी है।

## सीएसके कप्तान ने काउंटी चैंपियनशिप से अपना नाम लिया वापस

नईदिल्ली,। अब तक भारत के कई खिलाड़ी इंग्लैंड के घरेलू क्रिकेट काउंटी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं, जिसमें इशान किशन, तिलक वर्मा और युजवेंद्र चहल का नाम सबसे आगे है. जबकि कई खिलाड़ी अपना जौहर दिखाने के लिए अभी भी लाइन में लगे हुए हैं, जिनमें साई किशोर और सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ का नाम शामिल है.

लेकिन अब ये खबर सामने आ रही है कि भारतीय बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ ने व्यक्तिगत कारणों से यॉर्कशायर के साथ काउंटी चैंपियनशिप करार से अपना नाम वापस ले लिया है. जबकि उन्होंने पांच मैचों के करार पर सहमति जताई थी, जिसकी शुरुआत 22 जुलाई से स्कारबोरो में मौजूदा चैंपियन सरे के खिलाफ मैच से होगी. यॉर्कशायर के मुख्य कोच एंथनी मैकग्राथ ने कहा कि काउंटी टीम उनके विकल्प पर विचार कर रही है. उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से गायकवाड़ व्यक्तिगत कारणों से अभी नहीं आ रहे हैं. हम उन्हें स्कारबोरो या बाकी सीजन के लिए टीम में नहीं रख पाएंगे. इसलिए यह निराशाजनक है.

# टेस्ट क्रिकेट: ओल्ड ट्रैफर्ड के मैदान पर इंग्लैंड के बल्लेबाजों द्वारा की गई सबसे बड़ी साझेदारी



नईदिल्ली, मैनचेस्टर का ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान टेस्ट क्रिकेट में कई रोमांचक मुकाबलों का गवाह रहा है। इस मैदान पर मेजबान इंग्लैंड क्रिकेट टीम का दबदबा रहा है और उनकी सफलता में बल्लेबाजों का बड़ा योगदान माना जाता है। यहां कई बार साझेदारियों ने मैच का रुख बदला है। भारतीय क्रिकेट टीम 23 जुलाई से इसी मैदान पर खेलने चौथा टेस्ट मैच खेलने उतरेगी।

इस बीच आइए इंग्लैंड के बल्लेबाजों द्वारा यहां की गई सबसे बड़ी साझेदारियों पर एक नजर डालते हैं।

साल 2001 में मैनचेस्टर टेस्ट में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के 403 रन के जवाब में इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही थी एक समय टीम का स्कोर 15/2 रन था। ऐसे में माइकल वॉन और ग्राहम थोर्प ने 267 रनों की साझेदारी कर पारी संभाली। दोनों ने शतक जड़े, जिसमें थॉर्प ने 261 गेंदों पर 138 रन बनाए और पहले आउट हुए। वॉन ने 223 गेंदों पर 120 रन बनाए। इस शानदार साझेदारी के बावजूद इंग्लैंड वह मुकाबला हार गई थी। मैनचेस्टर में 250 से अधिक रन की साझेदारी करने वाले दूसरे इंग्लिश बल्लेबाज बेन स्टोक्स और डोमिनिक सिबली हैं। साल 2020 में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ पहली पारी में दोनों ने चौथे विकेट के लिए 260 रन जोड़ दिए थे। उस पारी में दोनों के बल्ले से शतक निकले थे।

# फ्लोरल ड्रेस में मोनालिसा ने सोशल मीडिया पर ढाया कहर, दिए किलर पोज



भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा एक बार फिर अपने हॉट और ग्लैमरस अवतार से सोशल मीडिया पर छा गई हैं. इस बार मोनालिसा ने फ्लोरल प्रिंटेड ड्रेस में अपनी नई तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है, जिसमें वह बेहद स्टाइलिश और कॉन्फिडेंट नजर आ रही हैं. अपने इस पोस्ट में मोनालिसा ने लाल बिंदी, खुले बाल और मैचिंग इयररिंग्स के साथ अपने लुक को कम्पलीट किया है. मोनालिसा की इस तस्वीर को फैंस ने खूब पसंद किया है और कुछ ही घंटों में हजारों लाइक्स और कमेंट्स आ चुके हैं. किसी ने उन्हें 'ब्यूटीफुल क्वीनझ् कहा तो किसी ने दिल और फायर इमोजी के साथ उनकी तारीफ की.

मोनालिसा का बोल्ड और स्टाइलिश लुक उनके फैंस के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है. उनकी हर पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो जाती है और फैंस उनकी तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते हैं.

## वॉर 2 का नया पोस्टर जारी, दिखी ऋतिक रोशन

यशराज फिल्म्स के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से 'वॉर 2झ् का नया पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में फिल्म के तीनों लीड एक्टर्स ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी नजर आ रहे हैं। पोस्टर में ऋतिक और जूनियर एनटीआर के किरदार के बीच जबरदस्त टक्कर की झलक है। इस पोस्टर पर फैंस ने भी रिएक्शन दिए हैं। 'वॉर 2 के पोस्टर में ऋतिक हाथों में तलवार लिए इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। जबकि जूनियर एनटीआर भी गुस्से में हैं। वहीं कियारा आडवाणी हाथ में बंदूक लिए दिख रही हैं। साथ ही पोस्टर में नीचे ऋतिक और जूनियर एनटीआर बोट पर एक–दूसरे का सामना कर रहे हैं।

# टेस्ट क्रिकेट: बुमराह की मौजूदगी और गैरमौजूदगी में कैसा रहा टीम का प्रदर्शन?



नईदिल्ली,भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला 23 जुलाई से ओल्ड ट्रैफर्ड, मैनचेस्टर के मैदान पर खेला जाएगा। इस मुकाबले में जसप्रीत बुमराह खेलेंगे या नहीं इसको लेकर अब तक कुछ साफ तय नहीं हो पाया है। इस सीरीज से पहले उन्होंने 3 टेस्ट मैच खेलने की बात कही थी। इस बीच आइए बुमराह की मौजूदगी और गैरमौजूदगी में भारतीय टीम के प्रदर्शन पर एक नजर डाल लेते हैं।

बुमराह ने अपना पहला टेस्ट मैच साल 2018 में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था। उस समय से अब तक भारतीय टीम ने कुल 74 टेस्ट मैच खेले हैं। इन मुकाबलों में से 47 मैचों में बुमराह टीम का हिस्सा रहे हैं। इस दौरान भारतीय टीम को सिर्फ 20 मुकाबलों में ही जीत मिल पाई है। 23 मैच में टीम को हार का मुंह देखना पड़ा है। बुमराह के साथ टीम का जीत प्रतिशत 42.55 का रहा है। बुमराह के गैरमौजूदगी में भारतीय टीम ने 27 टेस्ट मैच खेले हैं। इस दौरान टीम को 19 मुकाबलों में जीत मिली है और टीम को सिर्फ 5 मैच में हार का सामना करना पड़ा है। 3 मुकाबले ड्रॉ हैं। बुमराह की गैरमौजूदगी में भारतीय टीम का जीत प्रतिशत 70.37 का है। इस सीरीज में भी बुमराह ने जो 2 टेस्ट मैच खेले हैं उसमें भारतीय टीम को हार मिली है। वहीं, उनके बिना टीम ने 1 टेस्ट मैच जीता है।

इस सीरीज में बुमराह अब तक सबसे प्रभावशाली गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 2 टेस्ट में 12 विकेट झटके हैं और उनकी औसत 21 की रही है। तीसरे और चौथे टेस्ट के बीच 8 दिन का अंतर होने से बुमराह का खेलना तय माना जा रहा है। लॉर्ड्स टेस्ट में उन्होंने पहली पारी में 5/74 और दूसरी पारी में 2/38 के आंकड़े दर्ज किए थे। मैच भले भारत हार गया पर बुमराह ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को काफी परेशान किया था।

## एक नजर

### कार्यशाला में सीखी नृत्य की बारीकियां

श्रीनगर गढ़वाल : शैम्फोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल में आयोजित पांच दिवसीय कथक कार्यशाला के शनिवार को समापन समारोह में प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस कार्यशाला से उन्हें न केवल शास्त्रीय नृत्य की बारीकियां सीखने को मिलीं, बल्कि यह तनाव मुक्त रहने का एक सशक्त माध्यम भी साबित हुआ। कार्यशाला में वृंदावन से आए प्रसिद्ध कथक नर्तक और कोरियोग्राफर आशीष सिंह (नृत्य मंजरी दास) ने 80 विद्यार्थियों को कथक नृत्य की परंपरागत शैलियों का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने भूमि प्रणाम, तत्कार, हस्तक, गुरु वंदना, कवित्त (वृंदावन की कुंज गलिन में), नमस्कार का टुकड़ा आदि सिखाए। आशीष सिंह ने कहा कि शास्त्रीय नृत्य भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है और इसे सीखकर बच्चों में न केवल सांस्कृतिक चेतना विकसित होती है बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो उसे उचित मंच देने की। कार्यशाला के समापन अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य शशिकला नेगी ने कहा कि इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी हैं। (एजेंसी)

### महिला छात्रावास का निरीक्षण, दिए निर्देश

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विश्वविद्यालय के चौरास परिसर स्थित महिला छात्रावासों का कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने शनिवार को निरीक्षण किया। कुलपति ने छात्रावास में निवासरत छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान कुलपति ने छात्रावास की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने छात्रावासों में रह रहे छात्राओं से वार्ता करते हुए हास्टल से संबंधित समस्याएं जानीं। कहा कि छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय परिसर में किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए वे प्रयासरत हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अध्ययन के साथ-साथ स्वच्छता और अनुशासन में बने रहने की सलाह दी। कुलपति ने छात्रावास परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए रुद्राक्ष का पौधा भी रोपा। इस मौके पर मुख्य छात्रावास अधीक्षक डा. एसएस बिष्ट, मुख्य नियंता प्रो. एससी सती, चौरास परिसर निदेशक प्रो. आरएस नेगी, प्रो. एमएस पंवार, प्रो. एमएम सेमवाल, डा. विजयकांत पुरोहित, महिला छात्रावास अधीक्षक डा. सरला सकलानी, डा. मोना सेमल्टी, डा. ज्योत्सना सोनल, डा. श्वेता वर्मा, डा. बबीता राणा आदि उपस्थित रहे। (एजेंसी)

### डेम में मिला युवक का शव

जयन्त प्रतिनिधि। श्रीनगर गढ़वाल : अलकनंदा नदी पर स्थित जीवीके डेम के चैनल नंबर 03 के गेट पर शनिवार को एक अज्ञात युवक का शव मिला। सूचना पर चौकी चौरास पुलिस मौके पर पहुंची। आपदा जल पुलिस टीम की मदद से शव को डेम से बाहर निकालकर आवश्यक कार्यवाही के लिए श्रीकोट मोर्चरी भेजा गया। पुलिस के अनुसार युवक की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष के बीच है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। (एजेंसी)

### प्रवेश के लिए 27 तक करें पंजीकरण

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि में स्नातक पाठयक्रमों में दाखिले के लिए सीयूटी परीक्षा में सम्मलित छात्र-छात्राएं 27 जुलाई तक समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपीएस गुसांई ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए कहा कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिन छात्र-छात्राओं ने स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीयूटी परीक्षा दी है, वे छात्र-छात्राएं 27 जुलाई तक अपना पंजीकरण समर्थ पोर्टल पर कर सकते हैं। बताया कि समर्थ पार्टल में पंजीकरण किए बिना प्रवेश नहीं दिया जायेगा। (एजेंसी)

### कार्यशाला में सीखी नृत्य की बारीकियां

श्रीनगर गढ़वाल : शैम्फोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल में आयोजित पांच दिवसीय कथक कार्यशाला के शनिवार को समापन समारोह में प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस कार्यशाला से उन्हें न केवल शास्त्रीय नृत्य की बारीकियां सीखने को मिलीं, बल्कि यह तनाव मुक्त रहने का एक सशक्त माध्यम भी साबित हुआ। कार्यशाला में वृंदावन से आए प्रसिद्ध कथक नर्तक और कोरियोग्राफर आशीष सिंह (नृत्य मंजरी दास) ने 80 विद्यार्थियों को कथक नृत्य की परंपरागत शैलियों का प्रशिक्षण दिया।

# शहर में भिक्षा मांग रहे आठ बाबाओं को किया गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पुलिस की ओर से चलाया जा रहा ऑपरेशन कालनेमि अभियान जारी रहा। इस दौरान पुलिस ने शहर में भिक्षा मांग रहे आठ बाबाओं को गिरफ्तार किया।

प्रदेश सरकार के निर्देश पर पुलिस की ओर से प्रदेश में ऑपरेशन कालनेमि अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शनिवार को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जनपद बिजनौर के विभिन्न गांवों से आए आठ लोगों को गिरफ्तार किया। हालांकि, पकड़े गए लोगों द्वारा अपनी पहचान नहीं छिपाई गई थी।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में जनपद बिजनौर के अंतर्गत सतीश दत्त, नीतू, विजय, नितिन, शिवम, केसरी, ऋतिक व मन्दीप शामिल हैं। बताया कि पकड़े गए व्यक्तियों को दोबारा शहर में इस तरह न घूमने को कहा गया है।




## 27 जुलाई तक प्रवेश लें छात्र

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में विधि स्नातक और बीलिब पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 27 जुलाई तक की तिथि निर्धारित की गई है। प्रवेश के लिए छात्रों को समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण करना जरूरी है। केंद्रीय विश्वविद्यालय के पौड़ी परिसर निदेशक डॉ. यूसी गैरोला ने बताया कि विश्वविद्यालय ने इसके लिए सर्कुलर जारी किया है। जिसके मुताबिक उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश चाहने वाले वे अभ्यर्थी, जिन्होंने सीयूईटी यूजी परीक्षा दी है, उन्हें 27 जुलाई तक समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण करना जरूरी है। पंजीकरण के लिए विश्वविद्यालय परिसर और विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के लिए अलग-अलग लिंक जारी किया गया है। अभ्यर्थी को पंजीकरण से पहले सबद्ध कॉलेजों व संस्थानों के पाठ्यक्रम व उनससे संबंधित पात्रता के मनदंड़ों आदि की जानकारी पता कर लेनी चाहिए।

# एलयूसीसी के पीड़ितों ने बुद्धि-शुद्धि के लिए किया हवन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : द लोनी अरबन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिप्ट को-आपरेटिव सोसाइटी (एलयूसीसी) कंपनी के निवेशकों का धरना 13वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान पीड़ितों ने कंपनी की बुद्धि-शुद्धि के लिए हवन यज्ञ भी किया। कहा कि यदि जल्द डूबी हुई रकम वापस नहीं मिली तो वह आंदोलन को मजबूर होंगे।

शनिवार को एलयूसीसी पीड़ित तहसील में एकत्रित हुए। यहां उन्होंने कंपनी की बुद्धि-शुद्धि के लिए हवन यज्ञ किया। कहा कि कंपनी ने उन्हें सरकार से मान्यता प्राप्त होने की बात कही थी। जिस पर भरोसा कर उन्होंने अपनी मेहनत से जोड़ी रकम कंपनी में निवेश कर दी। बताया कि अब कंपनी के संचालक फरार हो गए हैं।

साथ ही जितने भी कार्यालय खोले गए थे वह भी बंद हो गए हैं। ऐसे में निवेशकों के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। सरकार को कंपनी संचालकों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिए। इस मौके पर रेखा देवी, रजनी रावत, कविता बिष्ट, ज्योति नेगी, सुनीता नेगी, कल्पना नेगी, विनीता रावत, सुमन गुसाईं, राजवीर बिष्ट, हेमा पंवार, सुनील कुमार, ममता देवी, ममता रावत आदि मौजूद रहे।



कोटद्वर तहसील में हवन यज्ञ करते पीड़ित

# उपभोक्ताओं ने गैस एजेंसी के खिलाफ जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाबर गैस एजेंसी के खिलाफ उपभोक्ताओं का रोष थमने का नाम नहीं ले रहा। वार्ड नं. 29 के घमंडपुर व वार्ड नं. 27 के दुर्गापुर वार्डवासियों ने घरेलू गैस सिलेंडरों में क्षमता से कम गैस सप्लाई का आरोप लगाया है। कहा कि शिकायत के बाद भी सरकारी सिस्टम समस्याओं को लेकर लापरवाह बना हुआ है।

शनिवार को वार्डवासियों ने उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी के माध्यम से गढ़वाल मंडल विकास निगम के महाप्रबंध को ज्ञापन भेजा। कहा कि वार्डवासियों ने उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी के माध्यम से गढ़वाल मंडल विकास निगम के महाप्रबंधक व इंडियन आयल के महाप्रबंधक को ज्ञापन प्रेषित किया। ऐजेंसी की ओर से उपभोक्ताओं के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। घर-घर पहुंचने वाले सिलेंडर में क्षमता से कम गैस रहती है। प्रत्येक गैस सिलेंडर में दो से तीन किलो कम गैस पाई जा रही है, जिसकी शिकायत गैस एजेंसी प्रबंधक को किए जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। कहा कि बाट माप विभाग भी घटतोली की शिकायतों को गंभीरता से नहीं ले रहा है। जिसके कारण एजेंसी संचालक मनमानी पर उतर आए है। कहा कि पहले उनके घरों के गैस सिलेंडर लगभग डेढ़ माह चलते थे, लेकिन घटतौली के बाद अब सिलेंडर एक माह भी नहीं चल पा रहे है, ऐसे में उनको भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। उन्होंने गैस एजेंसी के प्रबंधक व ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। इस मौके पर सतेश्वरी देवी, देवेश्वरी, अनीता देवी, रजनी देवी, विमला देवी, वींरेंद्र सिंह, गणेश रावत मौजूद रहे।



कोटद्वार तहसील में गैस एजेंसी के खिलाफ पहुंची महिलाएं

## जागरूकता शिविर में दी जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर जिला कारागार में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बंदियों को विभिन्न जानकारियां दी गई। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से बंदियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें कारागार में निरुद्ध बंदियों की स्वास्थ्य जांच की गई।

शनिवार को आयोजित शिविर में प्राधिकरण की सचिव एवं सिविल जज नाजशि कलीम ने बंदियों को नेल्सन मंडेला के संघर्षमय जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। साथ ही उन्हें संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों, न्यायिक सहायता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। बंदियों को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी देने के साथ-साथ यह भी बताया गया कि वह नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# डाक कांवड़ को लेकर ट्रैफिक प्लान में किया बदलाव

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : नीलकंठ कांवड़ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर पुलिस ने ट्रैफिक का वन-वे सिस्टम लागू कर दिया है। कांवड यात्रा के दूसरे चरण में डाक कांवड़ को देखते हुए ट्रैफिक प्लान में बदलाव किया गया है। हालांकि आकस्मिक सेवा में लगे वाहन आदि को हालत के अनुरूप ट्रैफिक प्लान से छूट दी जाएगी। ट्रैफिक प्लान में स्थानीय लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा गया है। अपर पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि स्थानीय लोगों को किसी तरह असुविधा ना हो इसका भी ध्यान रखा गया है। बताया कि नीलकंठ मंदिर में आने वाले दोपहिया और चौपहिया वाहन ऋषिकेश, तपोवन, ब्रह्मपुरी होते हुए आरटीओ चेक पोस्ट तिराहा से गरूड़ चट्टी, मोहन चट्टी, पीपलकोटी होते हुए जिला परिषद बैरियर के आसपास बनी पार्किंग में पार्क किए जा रहे है। इसके बाद पैदल नीलकंठ मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालु जाएंगे। मंदिर में दर्शन के बाद श्रद्धालुओं के वाहन वापसी में जिला परिषद की पार्किंग से पीपलकोटी होते हुए गरूड़ चट्टी और हिल बाईपास, बैराज बाईपास से होते हुए बैराज से ऋषिकेश की ओर या वाया चीला होते हुए हरिद्वार की ओर भेजे जाएंगे।

# पंचायत चुनाव में भाजपा की बनेगी भ्रष्ट्राचार मुक्त सरकार : कौशिक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : भाजपा के पंचायत चुनाव समन्वयक मदन कौशिक ने कहा कि भाजपा के समर्थित प्रत्याशी पंचायत चुनाव में भारी मतों से जीत हासिल करेंगे। उन्होंने दावा किया कि ब्लाक प्रमुखों के साथ ही पौड़ी जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर भी भाजपा अपना परचम लहराएगी।

शनिवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा के पंचायत चुनाव समंवयक मदन कौशिक ने कहा कि पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश बना हुआ है। मतदाताओं में भी छोटी सरकार बनाने को लेकर उत्साह बना है। बताया कि पंचायत चुनाव को लेकर विधानसभा से लेकर ब्लाक व न्याय स्तर पर टीमें बनाई गई है। क्षेत्रों में जाकर प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार किया जा रहा है। कहा कि प्रदेश सरकार जीरो टॉरलेंस की नीति पर काम कर रही है। भ्रष्टाचार के मामले सामने आने पर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं का लाभ भी चुनाव में प्रत्याशियों को मिल रहा है। कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के प्रचार-प्रसार में जुटे हुए है। उन्होंने दावा किया कि पंचायत चुनाव में भाजपा की भ्रष्ट्राचार मुक्त सरकार बनेगी। इस मौके पर राज्यमंत्री ऋषि कंडवाल, विधायक राजकुमार पोरी, जिलाध्यक्ष कमल किशोर रावत, पूर्व पालिकाध्यक्ष यशपाल बेनाम, क्रांति किशोर, मयूर भट्ट आदि शामिल रहे।

## कुलपति ने संकाय सदस्यों की ली बैठक

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने बिड़ला एवं चौरास परिसरों के संकाय सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ करने के लिये दिशा-निर्देश दिए। प्रो. सिंह ने बताया कि जिन शिक्षकों की पदोन्नति की अवधि पूरी हो चुकी है, उनके प्रमोशन की विधिवत प्रक्रियाएं आरंभ कर दी गई हैं।

इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र-कल्याण प्रो. ओ.पी. गुसाईं ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रवेश की तैयारियों के लिए भारत सरकार के समर्थ पॉर्टल पर निर्भर है और जल्द ही प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

# पूर्व सैनिकों ने ईसीएचएस व सीएसडी परिसर में किया पौध रोपण



कोटद्वार में पौध रोपण करते पूर्व सैनिक व अन्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : हरेला पर्व के मौके पर पूर्व सैनिक संघर्ष समिति की ओर से ईसीएचएस व सीएसडी परिसर में पौध रोपण किया गया। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने शहीदों के नाम पर पौधा रोपण करने का संकल्प लिया। कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए।

ट्रेनिंग अधिकारी कर्नल एके सिंह व पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें पौध रोपण पर ध्यान देना चाहिए। बिना पर्यावरण संरक्षण हम धरती पर जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। कहा कि हमें देश की रक्षा में बलिदान देने वाले वीर सैनिकों की याद में पौध रोपण करना चाहिए। हमारा मकसद केवल पौध रोपण ही नहीं, बल्कि उनके संरक्षण पर भी ध्यान देना है। अभियान के दौरान परिसर में विभिन्न प्रजाति के छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर एमटी सूबेदार मेजर शैलेंद्र सिंह बिष्ट, समिति के महासचिव मदन सिंह नेगी, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत, अनसूया प्रसाद सेमवाल, गोपाल सिंह, ठाकुर सिंह, सूरबीर खेतवाल, जीत सिंह भंडारी, नंदन सिंह, सुरेंद्र सिंह, अनसूया प्रसाद गोस्वामी, भारत सिंह नेगी, राम प्रसाद डोबरियाल, विक्रम सिंह, पुष्कर सिंह, ताजबर सिंह आदि मौजूद रहे।

# कार्य में लापरवाही पर ग्राम विकास अधिकारी निलंबित

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पंचायत चुनाव के साथ ही अपने ब्लाक संबंधी कार्यों में लापवरवाही करना एक ग्राम विकास अधिकारी को भारी पड़ गया। डीडीओ ने बीडीओ थलीसैंण की रिपोर्ट के बाद ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित करते हुए डीडीओ दफ्तर से अटैच कर दिया है। ग्राम विकास अधिकारी के निलंबन की पुष्टि सीडीओ ने की है।

आरोप है कि थलीसैंण में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारी उमेश कोठारी अपने कार्य क्षेत्र से लगातार नदारद रहते हैं। साथ ही इन दिनों चल रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के कामों में भी उन्होंने लापरवाही बरते हुए उच्चाधिकारियों के आदेशों की भी अवहेलना की है। इसके साथ ही ग्राम विकास अधिकारी ने अपने ब्लाक से संबंधित कामों में भी लापरवाही बरती और कई सूचनाएं और रिपोर्ट समय से उपलब्ध नहीं कराई गई। पंचायत चुनावों को लेकर वोटर लिस्ट संबंधी काम भी उनके द्वारा संतोषजक नहीं किया गया। इसके अलावा सहवर्गीय बैठकों से भी नदारद रहे। शासकीय कार्यों के प्रति उदासीनता के मद्देनजर जिला विकास अधिकारी मनविन्दर कौर ने ग्राम विकास अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। साथ ही निलंबित अवधि में वह डीडीओ दफ्तर से अटैच रहेंगे। इसके साथ ही डीडीओ ने खंड विकास अधिकारी थलीसैंण को निर्देश दिए कि उक्त ग्राम विकास अधिकारी के विरुद्ध आरोप पत्र भी देना सुनिश्चित करेंगे।


# कार्यालय- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)

पत्रांक - 2163/नि0अनु0/23 नि0का0/ 2025-26 दिनांक - 19.7.2025

## निविदा सूचना

नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार के पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यो की सील बन्द निविदाएँ दिनांक 04/08/2025 को अपराहन 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 21/07/2025 से 02/08/2025 को अपराहन 02:00 तक किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त प्राप्त किये जा सकते है। निविदा दिनांक 04/08/2025 को सायं 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। किसी भी दर/निविदा को अस्वीकृत अथवा निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम कोटद्वार के पास सुरक्षित होगा। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क+18% GST | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड न0 3 लालपानी मे मदनसिंह नेगी के घर से विपिन रावत के घर की ओर सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य । | 12,900 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 2 | वार्ड न0 4 में मुख्य मार्ग से सजंय रावत की दुकान से होते हुए ईशाक मास्टर व बबलू रावत के घर की ओर सी0सी0 सडक का निर्माण कार्य। | 9,900 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 3 | वार्ड न0 9 सजवान कालोनी में राजेन्द्र सजवान के घर से सुरजवान के घर की ओर सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 9,600 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 4 | वार्ड न0 11 में दुर्गा भगवती मन्दिर पर टीनशैड का निर्माण कार्य। | 16,000 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 5 | वार्ड न0 12 हेप्पी होम स्कूल रोड पर इन्टर लांकिग टाईल्स द्वारा सड़क का निर्माण कार्य। | 15,800 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 6 | वार्ड न0 13 में श्री बंसल जी के कार्यालय से पटेल मार्ग झण्डाचौक की ओर इन्टर लांकिग टाईल्स द्वारा सडक का निर्माण कार्य । | 20,200 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 7 | वार्ड न0 14 बाल्मीकी बस्ती में भूसा स्टोर के पास गुलफाम की दुकान के सामने क्षतिग्रस्त पुलिया व सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 11,200 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 8 | वार्ड न0 20 पदमपुर सुखरो में गैस एजेन्सी से रामप्रशाद जोशी तहसीलदार जी के घर की ओर सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 15,600 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 9 | वार्ड नं0 25 रतनपुर सुखरौ में बीरवान सिंह की दुकान व श्री जसवन्त सिंह शाह के घर से श्री गोपाल रावत के घर तक इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 18,000 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 10 | वार्ड नं0 26 बलभद्रपुर में आनन्द सिंह रावत के घर से केमिकल बोन्डरी तक इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 14,100 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 11 | वार्ड नं0 28 में पवन शाह के घर से खूनीबड मार्ग तक इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 17,400 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 12 | वार्ड नं0 29 घमण्डपुर में श्री बिष्ट जी के घर से श्री राम अवतार जी के घर की ओर इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 11,600 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 13 | वार्ड नं0 30 में नैथानी जी के घर से मनोज उनियाल के घर की ओर इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 19,900 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 14 | वार्ड नं0 31 उमरावनगर सरकारी हॉस्पिटल से सुरेन्द्र रावत जी के घर की ओर इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 20,700 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 15 | वार्ड नं0 32 देवरामपुर में मा दुर्गा आर्दश कालोनी के पास मेन रोड अनिल ध्यानी के घर से हरेन्द्र सिंह रावत के घर की ओर इन्टरलॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य | 19,900 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 16 | वार्ड नं0 34 भीमसिहपुर में मणिकलाल डबराल के घर से कृपाल सिंह रावत व रमेश बलूनी के घर की ओर इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 14,800 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 17 | वार्ड नं0 35 मगनपुर में मुख्य सड़क से श्री राकेश धूलिया व कृष्ण कुमार सेमवाल के घर की ओर इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 19,500 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 18 | वार्ड नं0 37 पश्चिमी झण्डीचौड में मुख्य मार्ग से महेन्द्र सिंह स्व0 आनन्द जी सिंह के घर की आरे इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 12,100 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 19 | वार्ड नं0 37 पश्चिमी झण्डीचौड में टावर के समीप रमेश चन्द्र व किशन सिंह के घर की ओर इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 10,200 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 20 | वार्ड नं0 38 झण्डीचौड उत्तरी उमरावपुर में मुख्य मार्ग से गजेन्द्र सिंह रावत जी के घर तक इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 16,400 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 21 | वार्ड नं0 39 झण्डीचौड पूर्वी में मुख्य सड़क से संतोष जी के घर की ओर इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 20,000 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 22 | वार्ड नं0 40 किशनपुर एस0बी0आई0बैक के आगे जगमोहन सिंह के घर से भगवान सिंह के घर की ओर इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 18,800 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |

**सहायक नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।**

## संक्षिप्त समाचार

### पंचायत चुनाव शांति पूर्वक कराने के लिए 80 लोगों का चालान

चमोली। आगामी पंचायत चुनावों को शांति पूर्वक संपादित कराने के उद्देश्य से गैरसैंण प्रखण्ड में 80 लोगों का भारतीय दंड संहिता की धारा 126/135 के तहत चालान किया गया है। उपजिला अधिकारी के पेशकार जगदीश रावत ने बताया कि इन लोगों को 50 हजार रूपये के निजी मुचलके पर छोड़ा गया है। जिले में पंचायत चुनाव की तैयारी जोरों पर है। 28 जुलाई को मतदान होने जा रहा है। जिला पंचायत में कुल 5 सीटें हैं, जिनमें से कुशरानी महिला आरक्षित सीट पर 4, कोठा और अन्द्रपा सामान्य सीट पर 3–3, मालसी महिला आरक्षित सीट पर 2 और भल्सों महिला आरक्षित सीट पर 5 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा क्षेत्र पंचायत की 40 सीटों में से 2 पर प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए हैं। वहीं 95 ग्राम पंचायतों में से 13 ग्राम प्रधान भी निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। प्रत्याशियों द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों से प्रचार तेज कर दिया गया है।

### केदारनाथ में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए होगी श्रीमद् भागवत कथा

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ में वर्ष 2013 में आई आपदा में दिवंगत हुई पुण्य आत्माओं की शांति के लिए 25 जुलाई से होने वाले श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ की तैयारियां शुरू हो गई है। शनिवार को वैदिक परंपरा के साथ हनुमान जी की ध्वजा के लिए नागजगई स्थित देवी मंदिर के पास से बांस काटा गया। जिसे स्थानीय लोग और तीर्थपुरोहित केदारनाथ धाम पहुंचाएंगे। केदारनाथ धाम में सात दिवसीय श्रीमद् भावगत कथा एवं ज्ञानयज्ञ को लेकर शनिवार सुबह आठ बजे सभी लोग पौंला स्थित भैरवनाथ मंदिर के पास एकत्रित हुए। यहां पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ लोग जगई पहुंचे। यहां विधिवत पूजा–अर्चना के बाद हनुमान ध्वजा के लिए बांस काटा गया।

स्थानीय लोगों के साथ तीर्थपुरोहित बांस लेकर केदारनाथ धाम के लिए रवाना हो गए हैं। आयोजन के लिए केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, उपाध्यक्ष बिष्णु कान्त कुर्मांचली, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुमंत तिवारी, कोषाध्यक्ष प्रवीण तिवारी, वरिष्ठ तीर्थ पुरोहित केशव तिवारी, पूर्व उपाध्यक्ष केदार सभा आनंद सेमवाल, रूपनारायण शुक्ला, प्रदीप तिनसोला, केदार सभा के मीडिया प्रभारी पंकज शुक्ला, आचार्य संतोष त्रिवेदी, व्यापार संघ अध्यक्ष केदारनाथ चण्डी प्रसाद तिवारी ने हनुमान ध्वजा के लिए बांस दिया। इस मौके पर गायत्री देवी, अजय जुगरान, केदार सभा के प्रवक्ता पंकज आदि मौजूद थे। इधर, केदारसभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने सम्पूर्ण देश, प्रदेश और जनपद के लोगों को इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने का आह्वान किया है।

### स्वच्छता के लिए पर्यावरण मित्रों को स्वास्थ्य जरूरी :मोहन

नई टिहरी)। शहरी विकास विभाग की मुख्यमंत्री स्वास्थ्य आरोहण योजना के तहत नगर पालिका ने 58 पर्यावरण मित्रों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता किट वितरित की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण मित्र किट का प्रयोग कर स्वस्थ रहें। जबकि पर्यावरण मित्र स्वस्थ रहेंगे, तभी नगर की स्वच्छता बनी रहेगी। बौराड़ी में नगर पालिका अध्यक्ष मोहन सिंह रावत पर्यावरण मित्रों को स्वास्थ्य व स्वच्छता किटें बांटी। पर्यावरण मित्रों से स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने को कहा। किट में ग्लूकोन डी,च्यवनप्राश, बीटाडीन, ओआरएस घोल, हैंडवाश, साबुन,पट्टी आदि जरूरत का सामान है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण मित्रों का नगर की स्वच्छता में विशेष योगदान रहता है। इसलिए उनके स्वास्थ्य व स्वच्छता के लिए सरकार व नगर पालिकाओं को समय–समय पर ध्यान रखने की जरूरत है। उन्होंने लोग से डोर टू डोर आने वाले कूड़ा वाहन में कूड़ा डालने की अपील की। बताया आगामी दिनों में डोर टू डोर कूड़ा एकत्रित करने वाले पर्यावरण मित्रों को भी स्वास्थ्य व स्वच्छता किट वितरित की जाएगी।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेगी भाजपा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव भाजपा के जनपद प्रभारी मदन कौशिक ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के कार्यों को देखते हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदाताओं ने भाजपा को जितवाने का मन बना लिया है। कहा कि यदि भाजपा के प्रत्याशी जीतते हैं तो ग्रामीण क्षेत्रों का बेहतर विकास होगा। भाजपा सबका साथ सबका विकास सूत्र को लेकर कार्य करती है।



कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव भाजपा के जनपद प्रभारी मदन कौशिक

शनिवार को मदन कौशिक ने भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता की। कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मुख्य उद्देश्य समाज को विकास के पथ पर आगे बढ़ाना है।

केंद्र व प्रदेश सरकार जनता के हितों को लेकर कार्य कर रही है। पर्वतीय क्षेत्रों में जनता को विशेष योजनाओं का लाभ मिला है। यही कारण है कि इस बार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जनता का पूरा सहयोग मिल रहा है। उन्हें उम्मीद है कि ग्राम प्रधान से लेकर जिला पंचायत सदस्य तक मैदान में उतरे भाजपा के प्रत्याशी जीत दर्ज करेंगे।

कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र को डबल इंजन का लाभ मिलेगा। केंद्र व प्रदेश में भाजपा सरकार होने से गांव में बजट की कोई कमी नहीं रहेगी। कहा कि पंचायत चुनाव आगामी विधानसभा का सेमीफाइनल है। विधानसभा चुनाव में भी जनता विकास कार्यों को ही वोट करेगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राज गौरव नौटियाल, पूर्व विधायक मुकेश कोली, गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र अण्थ्वाल आदि मौजूद रहे।

## बीजेपी जिला पंचायत प्रत्याशी के लिए मांगें वोट

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड की महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री रीता नेगी ने पंचायत चुनाव के तहत चैधार सीट पर जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी रजनी रावत के समर्थन में सतपुली में जनसंपर्क कर उन्हें वोट देने की अपील की। कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार महिलाओं के लिए ऐतिहासिक कार्य सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रही है। जिसके चलते प्रदेश में लोगों के लिए रोजगार के अवसर खुले हैं।

शनिवार को भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड की महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री रीता नेगी का सतपुली पहुंचने पर मंडल की महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। कहा कि प्रदेश में महिलाओं को कई सम्मानों से नवाजा गया है। लगातार महिलाओं की बदौलत भाजपा दुबारा सत्ता में काबिज हुई है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हरिद्वार मंजू रावत, मंडल की अध्यक्ष रेनू घिल्डियाल, महामंत्री मालती जुयाल, सोशल मीडिया प्रभारी जिला गंगा खंडवाला, मंडल अध्यक्ष एकेश्वश्वर राकेश नैथानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतपुली बृजमोहन सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

## पैठाणी महाविद्यालय में रोपे पौधे, लिया संरक्षण का संकल्प

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : राजकीय व्यावसायिक महाविद्यालय बनास पैठाणी की नमामि गंगे इकाई द्वारा हरेला पखवड़ा के तहत एक पेड़ मां के नाम थीम के साथ बृहद रूप से पौध रोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान प्राचार्य, प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं ने पीपल, तुलसी, बांज, काफल, बुरांश, आंवला, रीठा, जामुन, गुड़हल, पय्या, देवदार, कनेर, स्नेक कैक्टस आदि पौधे रोपकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

इस मौके पर प्राचार्य डा. विजय कुमार अग्रवाल ने एक पेड़ मां के नाम रोपित करके उसे गोद लिया। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी एवं वनस्पति विशेषज्ञा डा. प्रकाश फोंदणी ने कहा कि आज ग्लोबल वार्मिंग के दौर में हरेला जैसा महत्वपूर्ण पर्व जैवविविधता संरक्षण एवं हरित क्रांति का प्रतीक है। नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डा. खिलाप सिंह ने कहा कि आज हरेला पखवाड़ा के तृतीय दिवस में पौध रोपण कार्य करके हमें यह संकल्प लेना है कि पेड़ लगाओ, जल बचाओ और जीवन खुशहाल बनाओ जिससे हम पर्यावरण संरक्षित कर निर्मल एवं अविरल गंगा का सपना साकार कर सके। इस मौके पर डा. कुमार गौरव जैन, डा. दिनेश रावत, डा. कल्पना रावत, डा. पुनीत चंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

## शराब के साथ दो गिरफ्तार

चमोली। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान चमोली जिले में अवैध शराब का धंधा जोरों पर है। पुलिस अधीक्षक चमोली के नेतृत्व में तस्करों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। दो अलग–अलग मामलों में पुलिस ने कुल 26 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। कोतवाली चमोली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कार से 12 पेटी शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं थराली थाना क्षेत्र में ग्राम उंग–बैण्ड–कुराड़ रोड पर चेकिंग के दौरान 14 पेटी शराब के साथ एक और आरोपी पकड़ा गया।

# प्रावि जैली में शिशु लोक पत्रिका का विमोचन

रुद्रप्रयाग। सिलगढ़ क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय जैली में शिशु लोक पत्रिका के नवम संस्करण का विमोचन किया गया। जिसका छात्र–छात्राओं ने भव्य स्वागत किया। एक–एक प्रति भी सभी छात्रों को वितरित की गई। विद्यालय परिसर में आयोजित पत्रिका में एक ओर लेखक–साहित्यकारों के उच्च स्तरीय लेख हैं, वहीं दूसरी ओर शिक्षकों के मार्गदर्शन में संभावनाशील बाल लेखकों के लघु लेख, गीत व कविताओं का तोतलापन भी शामिल किया गया है। अधिकारी वर्ग के प्रेरणादायी शुभकामना सन्देशों से शुरू पत्रिका में सम्पादक मण्डल की ओर से लिखित विद्यालय की प्रगतिगामी गतिविधियों की विस्तृत झांकी प्रस्तुत की गई है। भाषायी रूप से देखा जाए तो मातृभाषा हिन्दी में ही लेखों की प्रमुखता है, किंतु देववाणी संस्कृत एवं आंग्ल भाषा को भी दर्ज किया है। प्रधानाध्यापक माधव नेगी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शिशु लोक पत्रिका का विमोचन किया गया। जिसमें समर कैम्प, शैक्षिक भ्रमण, तीज त्योहार, महत्वपूर्ण दिवस, शिक्षा सप्ताह की गतिविधियां, संस्कृत के श्लोक एवं लेख, अंग्रेजी की कविताएँ एवं लेख, संस्कृत तथा लोक भाषा गढ़वाली को भी प्रमुखता से स्थान दिया गया है। उन्होंने इस संस्करण में सहयोग करने के लिए अधिकारी वर्ग के साथ ही विद्यालय के शिक्षक विजय सिंह मैखली एवं बाल वाटिका शिक्षिका संगीता राणा का आभार जताया है।

## अंग्रेजी शराब की 14 पेटी पकड़ी

चमोली। थाना थराली पुलिस को अवैध अंग्रेजी शराब के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। थाना पुलिस थराली ने शनिवार की रात्रि को चेकिंग के दौरान चौदह पेटी अंग्रेजी शराब सहित एक आरोपियों को हिरासत में लिया है। थाना प्रभारी थराली पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस ने थराली–कुराड़ मोटर मार्ग पर उँग बैंड के पास चेकिंग के दौरान एक कार से अवैध रूप से ले जाई जा रही चौदह पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस सिलसिले में मौके से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान कुंवर सिंह पुत्र लखपत सिंह, निवासी ग्राम चेपड़ो, थाना थराली, उम्र 34 वर्ष की गई है। बरामद शराब को ले जाया जा रहा वाहन भी मौके पर सीज कर लिया गया है।

## नंदा राजजात की तैयारियों को लेकर डीएम ने किया नौटी गांव का स्थलीय निरीक्षण

चमोली। नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने शनिवार को नौटी गांव का स्थलीय निरीक्षण किया। भ्रमण की शुरुआत जिलाधिकारी ने नौटी गांव स्थित प्राचीन उफरांई देवी (अपर्णा )मंदिर एवं नंदा देवी मंदिर में पूजा–अर्चना कर सभी ग्रामवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात् उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात की और नंदा देवी राजजात से जुड़ी परंपराओं, मान्यताओं तथा तैयारियों की जानकारी ली। ग्रामीणों ने यात्रा के ऐतिहासिक महत्व और स्थानीय सहयोग को लेकर कई महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। डीएम ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। इस क्रम में उन्होंने लोनिवि गेस्ट हाउस में सभी सम्बंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए



आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा श्री नंदा देवी राजजात आयोजन के लिए नौटी गांव महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसे में यात्रा के दौरान यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। जिसे देखते हुए गांव में व्यवस्थाओं का दुरुस्त होना अत्यंत आवश्यक है। इस क्रम में उन्होंने सभी अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पड़ाव स्थल में सफाई, पेयजल, बिजली, आवागमन, ठहरने की व्यवस्था, शौचालय निर्माण और अन्य जरूरी सुविधाओं का जायज़ा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा से पहले सभी आवश्यक तैयारियों के प्रस्ताव समय पर उपलब्ध करा दें, जिससे निर्माण कार्य जल्द शुरू कराये जा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जा सकता है। इसलिए प्रशासन और ग्रामवासी मिलकर यात्रा को सफल बनाने में अपना योगदान दें। जिलाधिकारी ने यह स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सुविधा, आपातकालीन सेवाएं, और मार्ग की मरम्मत, पार्किंग व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट निस्तारण को प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपनी भूमिका का निर्वहन सेवा भाव से करें, ताकि नंदा देवी राजजात यात्रा सफल, सुरक्षित और श्रद्धालुओं के लिए सुखद अनुभव बन सके।

# डीएम तिवारी ने किया नंदासैण में पार्किंग स्थल का स्थलीय निरीक्षण



चमोली। नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियों के क्रम में जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने नंदासैण में पार्किंग स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। इसके बाद जिलाधिकारी महोदय ने ईड़ा बधाणी गांव का भ्रमण किया जो कि नंदा देवी राजजात यात्रा का एक महत्त्वपूर्ण पड़ाव है, वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी तथा संबंधित विभागों को समाधान के लिए उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने यात्रा मार्ग पर सुविधाएं बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों को सतत निगरानी रखने और गुणवत्ता युक्त कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## कारागार में किया पौधारोपण

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशों एवं जिला न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में चमोली कागारागर में पौधारोध किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रुद्रप्रयाग द्वारा बताया गया कि नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस के मौके पर जिला कारागार चमोली में निरुद्ध बंदियो के लिए विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही हरेला पर्व माह के उपलक्ष्य में जिला कारागार चमोली में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर पायल सिंह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रुद्रप्रयाग के साथ–साथ अशोक कुमार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रुद्रप्रयाग, त्रिलोक चन्द्र आर्य प्रभारी कारापाल, हिमांशु जोशी प्रभारी कारापाल, तनिशा राजोरी प्रभारी कारापाल, जेल कर्मचारी एवं बंदी मौजूद थे।

# युवा संवाद में दी आधुनिक शिक्षा—रोजगार की जानकारी

रुद्रप्रयाग। मुख्यालय में तीन दिवसीय युवा संवाद में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने और आधुनिक शिक्षा पर विस्तृत जानकारियां दी गई। द रुद्रा यूथ क्लब और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से हुई कार्यशाला में सामाजिक विषमताओं पर भी व्यापक चर्चा की गई। अपर बाजार स्थित अजीम प्रेमजी फाउंडेशन सभागार में आयोजित कार्यशाला में युवाओं को शिक्षा को लेकर स्थानीय स्तर पर आने वाली समस्याओं के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही उनके निराकरण के उपाय भी बताए गए। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक विषमताओं को लेकर भी गंभीर चर्चा की गई। युवाओं को राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अध्ययन के लिए दी जाने वाली स्कॉलरशिप एवं फेलोशिप की जानकारी दी गई।

युवा संवाद में विषय विशेषज्ञों के बीच क्लब के युवाओं ने चित्रकला, लेखन, कहानी के माध्यम से अपने विचार, जीवन यात्रा के विविध आयाम प्रस्तुत किए। सामाजिक सस्याओं के निदान और सुनहरे भविष्य को केंद्रित कर रचनात्मक प्रस्तुतियां दी। युवाओं ने जिला मुख्यलाय को आदर्श नगर के रूप में स्थापित करने के लिए अपने विचार साझा किए। इस मौके पर विशेषज्ञों ने शिक्षा के माध्यम से करियर के विकल्पों, उच्च शिक्षा के अवसर, भविष्य के रोजगार के क्षेत्रों पर केंद्रित डेटा साइंस, आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस, ई–कॉमर्स, डिजिटल कंटेंट निर्माण के साथ ही तकनीकी नवाचार पर महत्वपूर्ण जानकारियां दी। कार्यशाला में नगर को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण के दृष्टिकोण से आदर्श नगर बनाने के लिए कचरा प्रबंधन, वनीकरण और स्वच्छता अभियान पर युवाओं द्वारा निरंतर योगदान देने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के जिला समन्वयक पुष्कर, वरिष्ठ पत्रकार श्याम लाल सुंदरियाल, प्रोफेसर डा. शशिकांत नौटियाल, डा. अनविता सिंह, डा. आशीष नौटियाल, जिला युवा कल्याण अधिकारी राहुल डबराल, कार्यक्रम संयोजक करन, कंचन, पूजा और मुर्तजा आदि मौजूद थे।

# भरभरा कर गिरा मकान, वृद्धा सौंपा देवी का सामान दबा

नई टिहरी। निकटवर्ती महरकांडा गांव में बीती रात अचानक एक मकान भरभरा कर गिर गया। गनीमत यह रही कि मकान में सो रही वृद्धा सौपा देवी पत्नी गमधीरू की नींद घर के अंदर हो रही चट–चट की आवाज से अचानक खुल गयी व तेजी से बाहर को भाग निकली। सौपा देवी के बाहर आते ही मकान भरभरा कर नीचे आ गिरा। घटना में सौपा देवी की जान तो बच गयी मगर घर का सभी सामान मलबे में दब गया। मकान गिरने की खबर लगते ही ग्रामीण यहां पहुंच गए और राहत के काम में जुट गए। वृद्धा का मलबे में दबा सामान निकालने की कोशिश यहांजारी है। गरीब वृद्धा सौपा देवी मकान पर अकेले ही रहती थी। पिछले हफ्ते ही उसकी लड़की अपने दो बच्चों के साथ यहां से अपनी ससुराल वापस चली गयी थी। जिससे यहां बड़ा हादसा होने से टल गया। गरीब सौपा देवी के घर ध्वस्त होने की सूचना तहसील मुख्यालय को दिये जाने के बाद राजस्व विभाग की टीम यहां नुकसान का जायजा लेने मौके पर पहुंची। विधायक विनोद कंडारी ने तहसीलदार देवप्रयाग को पीड़ति वृद्धा सौपा देवी को पर्याप्त सहायता दिये जाने का निर्देश दिया है।


## कार्यालय नगर पंचायत सतपुली, पौड़ी गढ़वाल

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि "नगर पंचायत सतपुली के अन्तर्गत वार्ड नं0 03 में पौड़ी रोड पर स्थित शौचालय की मरम्मत एवं सैनिटरी फिटिंग का कार्य'' करने हेतु नगर पंचायत सतपुली में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा प्रणाली (Two Bid System) के अन्तर्गत निविदायें आमंत्रित की जाती है। पहला लिफाफा तकनीकी बिड जिसमें सभी तकनीकी (CDR/FDR) सहित पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रति (आयकर, जी0एस0टी0 की प्रति) एवं दूसरा लिफाफा वित्तीय विड जिसमें निम्न कार्य करने हेतु ठेकेदार द्वारा दरें प्रस्तुत करनी होगी। निविदा के प्रकाशन होने की तिथि से निविदा से सम्बंधित अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय नगर पंचायत सतपुली पौड़ी गढ़वाल से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र कार्यालय से दिनांक 01 अगस्त 2025 को समय प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक निर्धारित मूल्य अदा कर क्रय किए जा सकते है। सीलबंद निविदाएँ नगर पंचायत सतपुली कार्यालय की निविदा पेटी में दिनांक 4 अगस्त 2025 को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक ही स्वीकार की जाएंगी, जो कि उसी दिन अपराहन् 4:00 बजे गठित समिति द्वारा खोली जायेगी।

यदि किन्ही अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथि को राजकीय अवकाश घोषित होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को पूर्व निर्धारित समय पर खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की आंगणन लागत (G.S.T सहित) | ई0एम0डी0 धनराशि | योजना/ मद का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत सतपुली के अन्तर्गत वार्ड नं0 03 में पौड़ी रोड पर स्थित शौचालय की मरम्मत एवं सैनिटरी फिटिंग का कार्य। | 3.20 लाख | रू0 9,600/- | राज्य वित्त | रू0 1000+ 18 प्रतिशत GST | 60 दिन |

शर्ते– उपरोक्त निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा समिति नगर पंचायत सतपुली के पास सुरक्षित रहेगा, जिसे किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत सतपुली**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत सतपुली**
**पौड़ी गढ़वाल**

(1111/65)


# सभी महाविद्यालय—संस्थान एनईपी लागू करने में तेजी लाएं: जोशी

नई टिहरी, श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय मुख्यालय बादशाहीथौल में कुलपति प्रो. एनके जोशी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। जिसमें विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालयों और संस्थानों के प्राचार्यों ने ऑनलाइन माध्यम से प्रतिभाग किया। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, शैक्षणिक कैलेंडर के अनुपालन, छात्रों और संस्थानों से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान पर गहन चर्चा की गई। बैठक में कुलसचिव दिनेश चन्द्रा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. सीएस नेगी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में प्रो. जोशी ने सभी वर्चुअल जुड़े प्राचार्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही शुरू की। बैठक में शैक्षणिक सत्र 2025–2026 के लिए जारी वार्षिक कैलेंडर के अनुपालन पर विशेष जोर दिया गया। प्रो. जोशी ने संबद्ध कॉलेजों को कैलेंडर का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। छात्रों के प्रवेश में कोई बाधा न आए, इसके लिए कुलपति ने अपूर्ण परिणामों वाले महाविद्यालयों को तत्काल संबंधित छात्रों की सूची और अभिलेख विवि को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। एनईपी के तहत नए पाठ्यक्रमों के संबंध में कुलपति ने बताया कि स्नातक और स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के लिए नया सिलेबस विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है, जिसका पालन अनिवार्य है। साथ ही अध्ययनरत छात्र छात्राओं की एबीसी औरअपार आईडी की अनिवार्यता पर जोर दिया। निर्देश दिए गए कि सभी संस्थान एक सप्ताह के भीतर छात्रों की आईडी तैयार करें, अन्यथा उन्हें परीक्षा में बैठने से वंचित किया जा सकता है। समर्थ पोर्टल पर सेशनल और प्रेक्टिकल के अंक ऑनलाइन दर्ज करने को भी अनिवार्य किया गया है ताकि परीक्षा परिणाम समय पर जारी हो सकें। स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में एनईपी और नान एनईपी दोनों तरह के छात्रों के प्रवेश पर चर्चा हुई, जिस पर योग्यता (मेरिट) के आधार पर प्रवेश का निर्णय लिया गया। यह भी स्पष्ट किया गया कि स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के छात्रों को केवल एनईपी पाठ्यक्रम में ही शिक्षण कार्य समाहित किया जाएगा।

## पर्यावरण मित्रों को बांटी स्वास्थ्य और स्वच्छता किट

नई टिहरी। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य आरोहण योजना के तहत नगर पालिका परिषद की ओर से 58 पर्यावरण मित्रों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता किट वितरित की गई। बौराड़ी में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने किट बांटी और कहा कि पर्यावरण मित्र नगर की स्वच्छता में अहम भूमिका निभाते हैं, इसलिए उनका स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वे कूड़ा निर्धारित डोर टू डोर वाहन में ही डालें। इस मौके पर सभासद विजय कठैत, प्रवेश चौहान, नवीन सेमवाल, सीमा नेगी, मधु भट्ट, रितु भूषण, मानवेंद्र रावत, राजेश, सुशील, महीपाल, सोनी, विरेंद्र जॉनी, राजकुमार, अनीता, राजेश्वश्वरी, लविका नेगी आदि मौजूद थे।

## मोहनचट्टी का आयुष केंद्र मिनी आयुर्वेद विलेज बनेगा: डीएम

ऋषिकेश। जिलाधिकारी पौड़ी स्वाति एस भदौरिया ने शनिवार को आयुष विभाग के मोहनचट्टी स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आयुष केंद्र को मिनी आयुर्वेद विलेज के रूप में विकसित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में औषधि वितरण कक्ष, पंचकर्म कक्ष, टेस्ट लैब एवं योग केंद्र का जायजा लिया। खामियां उजागर होने पर डीएम ने नाराज़गी व्यक्त करते हुए जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को निर्देशित किया कि यह स्थान एक वेलनेस सेंटर की तरह दिखना चाहिए। उन्होंने इस क्षेत्र को पंचकर्म हॉल, पंचकर्म सहायक, योग केंद्र, हॉर्बल एरोमेटिक गार्डन आदि की समेकित योजना के साथ मिनी आयुर्वेद विलेज के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में शौचालय, पेयजल व्यवस्था, रजिस्टर, ओपीडी एवं लैब की स्थिति का भी निरीक्षण किया और कहा कि केंद्र में बेहतर स्वास्थ्य उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी रजिस्टर अलग–अलग बनाए जाएं और रिकॉर्ड को व्यवस्थित रूप से मेंटेन किया जाए। उन्होंने योगकक्ष के मार्ग को भी सुव्यवस्थित करने के आदेश दिए। साथ ही उन्होंने पेयजल निगम के अधिशासी अभियंता को फटकार लगाई।

# कोर्ट के निर्देश पर सीता देवी को आवंटित हुआ चुनाव चिह्न

नई टिहरी। जौनपुर ब्लॉक के जिला पंचायत वार्ड भुत्सी में आखिरकार हाईकोर्ट के निर्देश पर रिटर्निंग ऑफिसर ने कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी सीता देवी को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया है। 24 जुलाई को इस सीट पर प्रथम चरण के तहत चुनाव होने हैं। मामले में पूर्व में निर्विरोध विजेता घोषित प्रत्याशी भाजपा समर्थित सरिता नकोटी को भी निर्वाचन कर्मियों ने निर्वाचन चिह्न लेने के लिए सूचना भेज दी है। भुत्सी जिला पंचायत सीट से चुनाव लड़ रही कांग्रेस समर्थित सीता देवी का नामांकन रिटर्निंग आफिसर ने 9 जुलाई को नामांकन पत्र की जांच के दौरान खारिज कर दिया था। आरओ के अनुसार सीता देवी ने सहकारिता समिति का जो नो ड्यूज सर्टिफिकेट प्रस्तुत किया था, उसे अवैध करार देते हुए नामांकन निरस्त कर दिया। आरओ ने दूसरी प्रत्याशी भाजपा समर्थित सरिता नकोटी को जीत का प्रमाणपत्र दे दिया। मामले में सीता देवी ने हाईकोर्ट में अपील की। बीते बुधवार को हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए आरओ के फैसले को अवैधानिक करार देते हुए तत्काल प्रभाव से सीता देवी को चुनाव चिह्न आवंटित करते हुए निर्विरोध निर्वाचन रद्द करने के आदेश दिए। शुक्रवार को प्रत्याशी सीता देवी ने कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता व इस मामले में पैरवी करने वाले शांति प्रसाद भट्ट सहित अन्य लोगों के साथ जिला पंचायत कार्यालय बौराड़ी पहुंचकर सिंबल देने के लिए आरओ से अपील की।


**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी **नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com